दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली।। शुक्रवार 13 सितम्बर -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 334 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




## सीपीएम महासचिव सीताराम येचुरी का लंबी बीमारी के बाद निधन

### परिवार का फैसला, बॉडी एम्स को की जाएगी डोनेट

**नई दिल्ली।** सीपीआई(एम) महासचिव सीताराम येचुरी का गुरुवार को लंबी बीमारी के बाद एम्स में निधन हो गया। निधन के बाद परिवार ने येचुरी की बॉडी को अक्क्टर को डोनेट करने का फैसला किया है। दरअसल, 72 वर्षीय कॉमरेड नेता पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। वरिष्ठ नेता का निधन दोपहर 3।05 बजे हुआ। उनको एक्यूट रेस्पिरेटी ट्रैक्ट इन्फेक्शन के चलते 19 अगस्त को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी हालत गंभीर थी और उन्हें ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया था।




एम्स एक बयान जारी करते हुए कहा कि 72 वर्षीय सीताराम येचुरी को निमोनिया के साथ 19 अगस्त 2024 को एम्स में भर्ती कराया गया था और 12 सितंबर 2024 को दोपहर 3:05 बजे उनका निधन हो गया। परिवार ने उनकी बॉडी को शिक्षण और अनुसंधान उद्देश्यों के लिए एम्स दिल्ली को डोनेट कर दिया है। एम्स सूत्रों के मुताबिक फेफड़ों में संक्रमण और मल्टी ऑर्गन फेलियोर के चलते उनका निधन हुआ है।

सीताराम येचुरी का पार्थिव शरीर आज गुरुवार को उनके घर (वसंत कुंज स्थित आवास) ले जाया जाएगा। इसके बाद कल शुक्रवार शाम 6 बजे पार्टी कार्यालय में अंतिम दर्शन की योजना बनाई जा रही है। एम्स प्रशासन के बयान के मुताबिक इसके बाद पार्थिव शरीर को वापस एम्स को सौंप दिया जाएगा।

बता दें कि येचुरी भारत में वामपंथ के चोटी के नेताओं में से थे। उन्होंने कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी का नेतृत्व ऐसे वक्त में किया जब इस पार्टी का भारतीय राजनीति में वर्चस्व कम हुआ है।

## जेपीएस राठौर बने गाजियाबाद जिले के प्रभारी मंत्री

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर को गाजियाबाद जिले का प्रभारी मंत्री बनाया गया है। इससे पहले पूर्व एडीजी असिम अरुण गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री थी अब उनके स्थान पर जेपीएस राठौर को गाजियाबाद जिले का प्रभारी मंत्री बनाया गया है।



जेपीएस राठौर का गाजियाबाद का और खासतौर से पश्चिमी उत्तर प्रदेश से पुराना नाता है। वह पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी भी रहे हैं।

सरकार के कामकाज को लेकर संगठन के कामकाज तक बारीक पकड़ रखते हैं। कार्यकताओं से संवादशैली अच्छी है और सबसे बड़ी बात ये है कि सरकारी योजनाओं की कनेक्टिविटी को वो जिले में संगठन से जोड़कर चलते हैं। अधिकारियों की कार्यशैली शासन की मंशा के अनुरूप है इसका पूरा ध्यान रखते हैं और ये माना जा रहा है कि गाजियाबाद में उप चुनाव से पहले जेपीएस राठौर को इसलिए लाया गया है क्योंकि यहां कार्यकताओं की लगातार शिकायतें अधिकारियों की कार्यशैली को लेकर थीं।

मेयर और विधायक अधिकारियों के खिलाफ पत्र लिख चुके हैं और अब जब गाजियाबाद में उप चुनाव आ रहा है तो यहां नए प्रभारी मंत्री की आमद इसी बात का संकेत है। केवल गाजियाबाद ही नहीं बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश में भाजपा ने कई जिलों में प्रभारी मंत्री बदले हैं। ये माना जा रहा है कि ये पूरी कवायद आने वाले उप चुनाव को लेकर है। ये भी माना जा रहा है कि लोकसभा के नतीजों के बाद कई जिलों के प्रभारी मंत्री बदले जाने थे और ये उसी का हिस्सा है। लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बैठक हुई और उसके बाद प्रभारियों मंत्रियों की लिस्ट जारी हुई है।

### सुनील शर्मा को सहारनपुर और नरेन्द्र कश्यप को शाहजहांपुर और लखीमपुर खीरी का प्रभार

करंट क्राइम। मुख्यमंत्री की हाई लेवल मीटिंग के बाद सभी जिलों के प्रभारी मंत्री बदले गए। साहिबाबाद से विधायक एवं कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा को सहारनपुर जिले का प्रभार दिया गया हैं, वहीं राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप को शाहजहांपुर और मैनपुरी का प्रभारी बनाया गया है।




## सटीक निकली दैनिक करंट क्राइम की खबर

# टल गया नगर निगम कार्यकारिणी का चुनाव, अब 17 सितंबर को होगा

**दैनिक करंट क्राइम ने नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव को लेकर पहले ही ये अनुमान बताया था कि नगर निगम ने बोर्ड बैठक बुला तो ली है लेकिन ये बैठक नहीं हो सकती और तकनीकी पेंज ऐसा है कि नगर निगम कार्यकारिणी का चुनाव टल सकता है।**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दैनिक करंट क्राइम ने नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव को लेकर पहले ही ये अनुमान बताया था कि नगर निगम ने बोर्ड बैठक बुला तो ली है लेकिन ये बैठक नहीं हो सकती और तकनीकी पेंज ऐसा है कि नगर निगम कार्यकारिणी का चुनाव टल सकता है। नगर निगम ने घोषणा कर दी थी कि 13 सितंबर को नगर निगम की बैठक होगी।

दैनिक करंट क्राइम की खबर पर एक बार फिर सटीकता की मुहर लगी है। ठीक वैसा ही हुआ जैसा दैनिक करंट क्राइम ने प्रकाशित किया था और नगर निगम की कार्यकारिणी का चुनाव टल गया। नगर निगम की बोर्ड बैठक भी नहीं हुई। अब नगर निगम कार्यकारिणी का चुनाव 17 सितंबर को होगा। इस चुनाव जरिए नगर निगम के 6 पार्षद नगर निगम कार्यकारिणी के लिए चुने जाएंगे।

इस बैठक को लेकर दैनिक करंट क्राइम ने पहले ही बता दिया था कि भले ही निगम अधिकारी और मेयर इस बैठक को आहूत कर रहे हैं और वो निगम कार्यकारिणी चुनाव कराने की भी बात कर रहे हैं लेकिन यहां एजेंडे को लेकर पेंच फंस सकता है और ठीक वैसा ही हुआ और जो बैठक गुरुवार को होनी थी, जो कार्यकारियी चुनाव गुरुवार को होना था उसे टाल दिया गया है। अब निगम कार्यकारिणी चुनाव 17 सितंबर को होगा और नगर निगम की बोर्ड बैठक 18 सितंबर को होगी।

### चुनाव को लेकर है सस्पेंस, फंस सकता है तकनीकी पेंच

करंट क्राइम। मेयर ने 10 सितंबर को सदन सचिव को पत्र लिखा और अपने पत्र में उन्होंने 6 सदस्यों के चुनाव कराने के लिए 13 तारीख की तिथि दी। लेकिन सूत्र बताते हैं कि इस बैठक को लेकर पेंच फंस सकता है। चुनाव होने पर फिलहाल सस्पेंस है। निगम से जुड़े सूत्र बता रहे हैं कि मेयर ने कार्यक्रम तो जारी कर दिया लेकिन यहां कुछ चेहरों की टेक्निकल और कुछ चेहरों की उपलब्धता के चलते यह कार्यक्रम सस्पेंस में आ गया है। सूत्र बताते हैं कि मेयर ने नगर आयुक्त से कोई चर्चा नहीं की और उन्होंने यह पत्र भी अपर नगर आयुक्त के माध्यम से भेजा है। वहीं चर्चा इस बात को लेकर है कि नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक निगम चुनाव से पहले ही शासकीय काम से गुरूवार को लखनऊ जा रहे हैं। लिहाजा उनकी वापसी का कुछ तय नहीं है। वहीं पार्षद ये बता रहे हैं कि मेयर ने नगर निगम को कोई सूचना ही नहीं दी। पार्षदों को बोर्ड बैठक का एजेंडा 96 घंटे पहले पहुंचाया जाता है। यहां पर कहीं ना कहीं तकनीकी पेंच फंस सकता है।सूत्र बता रहे हैं कि अगर यहां टेक्रिकली फाल्ट का सीन बना तो फिर ये हाल्ट लग सकता है।

## 18 सितंबर को नगर निगम के सदन में छिड़ेगा हाउस टैक्स पर संग्राम

# मेयर ने लिखा सीएम को पत्र और कहा हो सकता है पार्टी को चुनाव में नुकसान

### मेयर सुनीता दयाल ने टैक्स बढ़ोत्तरी को बताया नियम विरुद्ध

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** 18 सितंबर को नगर निगम की बोर्ड बैठक होनी है और ये माना जा रहा है कि बोर्ड बैठक में बढ़े हुए हाउस टैक्स को लेकर भगवा संग्राम छिड़ सकता है। नगर निगम की सदन की मुखिया मेयर सुनीता दयाल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा, मेयर ने संगठन के पदाधिकारियों को पत्र लिखा और कहा कि निगम के अधिकरियों के फैसले से सरकार की छवि को नुकसान हो रहा है और इन फैसलों से चुनाव में नुकसान हो सकता है। मेयर ने टैक्स बढ़ोत्तरी को नियम विरुद्ध बताया। मेयर ने एक तरीके से अब मोर्चा खोला है। हाउस टैक्स को लेकर वो खुलकर सामने आई हैं और उनका अंदाज बता रहा है कि वो डिफेंसिव मोड में नहीं हैं। मेयर ने जहां मुख्यमंत्री को पत्र लिखा वहीं उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों को पत्र लिखा। निगम के सदन में संग्राम होगा और इसका पता इसी से चल रहा है कि निगम वाली बैठक में मेयर ने एजेंडा सिर्फ और सिर्फ हाउस टैक्स रखा है। उन्होंने कहा कि निगम के अधिकारी नियम के विरुद्ध जाकर योजना बना रहे हैं, जनता पर दबाव बना रहे हैं और जनता में भय का माहौल है।






### जीडीए अनाउंसमेंट से जनता में भय और केंद्र व प्रदेश सरकार के विरुद्ध बन रहा है माहौल

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मेयर ने जो पत्र लिखा उसमें उन्होंने कहा कि नगर आयुक्त के द्वारा डीएम सर्किल रेट के आधार पर डीएम विरुद्ध बढ़ी हुई दरों से सम्पत्ति कर जमा कराने के लिये शहर में भी लगातार रेडियो अनाउंसमेंट कराया जा रहा है। जिससे कि शहर की जनता में भय का माहौल उत्पन्न हो रहा है तथा केंद्र व प्रदेश सरकार के विरुद्ध माहौल बना रहा है।

### मेयर ने बताया नियम और कहा 2025 तक नहीं हो सकती हाउस टैक्स में बढ़ोत्तरी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मेयर ने मुख्यमंत्री और संगठन के पदाधिकारियों को पत्र लिखा और कहा कि गाजियाबाद नगर निगम सदन की बैठक 7 जनवरी 2023 को हुई इसमें प्रस्ताव संख्या 501 के तहत सदन के समक्ष यह प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया कि पूर्व में सदन की बैठक में प्रतिवर्ष की बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव पारित हुआ था। इसी प्रस्ताव के आधार पर इस वर्ष का हाउस टैक्स भी 10 प्रतिशत अर्थात 5 प्रतिशत प्रत्येक वर्ष बढ़ाया गया। इस प्रस्ताव पर सभी पार्षदों ने कहा कि सदन के पूर्व निर्णय के अनुसार 10 प्रतिश ग्रहकर बढ़ाया जाये। यह प्रस्ताव उसी द्वितीय वर्ष में लागू हो गया था। नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 174 (2) के खण्ड 6 की व्यवस्था अनुसार नगर आयुक्त द्वारा प्रत्येक 2 वर्ष में एक बार संपत्ति कर दरें निर्धारित की जा सकती है। इसलिए 31मार्च 2025 तक ग्रहकर में बढ़ोत्तरी नहीं की जा सकती।

### मेयर ने कहा सांसद, विधायक, पार्षद सभी कर रहे हैं हाउस टैक्स में वृद्धि का विरोध

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मेयर सुनीता दयाल ने मुख्यमंत्री को जो पत्र लिखा है उसमें उन्होंने कहा है कि मुझ सहित सभी मंत्री, सांसद, विधायक तथा पार्षद एक मत से हाउस टैक्स की दरों में बढ़ोत्तर का विरोध कर रहे हैं। मेयर ने अपने पत्र में मुख्यमंत्री तथा संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों से नगर निगम अधिकरियों द्वारा डीएम सर्किल रेट पर आधारित हाउस टैक्स वृद्धि पर रोक लगाने हेतु हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है।

### निगम अधिकारियों ने बढ़ाया टैक्स तो उप चुनाव में बन सकता है पार्टी विरोधी माहौल

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मेयर सुनीता दयाल ने लगातार निगम अधिकारियों पर निशाने साधे हैं और उन्होंने एक तरह से अब जहां उप चुनाव में नुकसान को हाउस टैक्स से कनेक्ट किया है। मेयर ने जो पत्र मुख्यमंत्री को लिखा उसमें उन्होंने यह लिखा कि वर्तमान में गाजियाबाद शहर में विधानसभा उप चुनाव प्रस्तावित है। ऐसे में नगर निगम के अधिकारियों द्वारा हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी करने से पार्टी विरोधी माहौल बन सकता है।

## लेकर अतुल गर्ग- दिनेश गोयल- दिनेश अरोड़ा का नाम

# पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी, अनिल स्वामी, हिमांशु मित्तल ने पहुंचाया नगर आयुक्त को अनियमितता का पैगाम









**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** इस समय नगर निगम में 100 पार्षद हैं और इनमें 75 पार्षद भाजपा के हैं। टैक्स वृद्धि को लेकर सदन में बैठे पार्षदों ने भले ही अपनी जुबान को बंद रखा है लेकिन पूर्व पार्षद यहां फ्रंट पर है वो निगम के सदन में नहीं है लेकिन वो जनता के मुद्दों पर जनता की आवाज बन रहे हैं। ये वो पार्षद हैं जिन्हें आज नगर निगम का सदन मिस करता है। ये वो आवाज हैं जो तर्कों के साथ निगम एक्ट की जानकारी के साथ, तथ्यों के साथ अधिकारियों को घेर लेते थे। नगर निगम की हाउस टैक्स व्यवस्था को लेकर इन पूर्व पार्षदों ने मोर्चा खोला है। वो सड़क की चौड़ाई से टैक्स के नियम को बता रहे हैं। वो बता रहे हैं कि सम्पत्ति कर की गणना किस रास्ते पर हो रही है उसी रास्ते पर सांसद अतुल गर्ग का भी घर आता है और उसी रास्ते पर एमएलसी दिनेश गोयल का घर भी आता है और उसी रास्ते पर यशोदा अस्पताल के मालिक दिनेश अरोड़ा का भी घर आता है और सर्वोदय अस्पताल भी आता है। पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल, राजेंद्र त्यागी और अनिल स्वामी ने नगर आयुक्त को पत्र लिखा और उन्होंने कहा है कि मानको को ताक पर रखकर सम्पत्ति कर लगाया जा रहा है। नगर निगम के अधिकारियों द्वारा सम्पत्ति कर की गणना सड़क की चौड़ाई से अधिक पर की जा रही है। पार्षदों ने कहा कि अगर इस व्यवस्था को सुधारा नहीं गया तो फिर हम हाईकोर्ट की शरण में जायेंगे।

### सर्विस मार्ग के बाद नाला क्या ग्रीन बैल्ट को लेकर पूर्व पार्षदों ने गिनाए मीटर

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नगर निगम एक्ट का हवाला देते हुए पूर्व पार्षदों ने 24 मीटर से अधिक की चौड़ाई वाले मार्ग, 12 मीटर से 24 मीटर की चौड़ाई वाले मार्ग और 12 मीटर के कम वाले मार्ग का हवाला दिया है। बताया है कि सड़क की चौड़ाई को आधार मानकर सम्पत्ति कर की गणना होती है। अगर किसी सर्विस मार्ग के बाद नाला या ग्रीन बैल्ट है तो 12 मीटर सड़क की गणना 9 मीटर या 10 मीटर के आधार पर की जायेगी, लेकिन कविनगर जोन में आरडीसी क्षेत्र में सर्विस रोड पर स्थित सम्पत्तियों को 25 मीटर की सड़क दिखाया गया है, यह निगम के विरुद्ध है। सर्विस मार्ग पर सांसद अतुल गर्ग, विधान परिषद सदस्य दिनेश गोयल, यशोदा अस्पताल के दिनेश अरोड़ा का भी आवास है जहां सर्वोदय अस्पताल भी है, लेकिन सम्पत्ति कर की गणना सर्विस मार्ग को न मानकर ग्रीन बैल्ट और नाले को जोड़कर की गई है। यह गलत है। उन्होंने बताया है कि ऐसे भवनों की रजिस्ट्री भी जीडीए द्वारा 9 मीटर या 10 मीटर चौड़ाई वाली सड़क को आधार मानकर ही की गई है।

### नगर निगम राजस्व हित में करें विचार वरना हम हाईकोर्ट जाएंगे

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व पार्षदों ने नगर आयुक्त को पत्र लिखा, उन्हें पूरा मामला बताया। सड़क की चौड़ाई, ग्रीन बैल्ट, नाला और सर्विस रोड का नियम बताया। पूर्व पार्षदों ने नगर आयुक्त लिखे पत्र में बताया कि राजस्व हित में विचार करते हुए अपने अधिनस्थ राजस्व अधिकारी को स्पष्ट निर्देश देने का कष्ट करें ताकि नगर निगम सीमा में आने वाले किसी भी सम्पत्ति करदाता को कठिनाई का सामना न करना पड़े और कोई अव्यवस्था पैदा न हो। यदि कोई परेशानी होती है तो फिर हम हाईकोर्ट की शरण में जाएंगे।

## डीसीपी सिटी और एसीपी कवि नगर ने जांची न्यायालय परिसर की सुरक्षा

### डॉग स्क्वाड के साथ चला संघन चेकिंग अभियान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गुरुवार को डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार और एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव ने पुलिस बल के साथ न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए, यहां संघन चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग अभियान के दौरान डॉग स्क्वायड से लैस होकर पुलिस के अधिकारी न्यायालय परिसर और आसपास के इलाके में पैदल गश्त को निकले।



इस दौरान सदर हवालात, डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर, प्रवेश द्वार की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान कहीं पर कोई संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति नहीं मिला। साथ ही डीसीपी सिटी द्वारा न्यायालय सुरक्षा में लगी समस्त फोर्स को सतर्क रहने और ड्यूटी करने के निर्देश गंभीरतापूर्वक दिए गए हैं।

# कहां गई पुलिस कमिश्नरेट के इन ऑपरेशनों की रिपोर्ट, ना आ रही है कोई जानकारी और ना जारी हो रहा है प्रेसनोट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद बने हुए लंबा समय हो चुका है। पुलिस कमिश्नरेट बनने के बाद पुलिस के अधिकारियों द्वारा कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं और अभियान शुरू किए गए थे। इसी में एक प्रमुख अभियान बुजुर्गों की सुरक्षा और उनकी मदद के साथ ही उनको भरोसे में लेने और परेशानी ना हो इसको लेकर शुरू किया गया ऑपरेशन सवेरा था। ऑपरेशन सवेरा अब केवल फाइलों में बंद होकर रह गया है या इसको लेकर अभी भी पुलिस धरातल पर कोई काम कर रही है।




बीते कई महीनों से इसको लेकर ना तो कोई वर्किंग और प्रोग्रेस रिपोर्ट जारी की गई है, ना पुलिस की वर्किंग का कोई आंकड़ा प्रेस नोट के जरिए जारी किया जा रहा है। वहीं ताजा हालात यह है कि थाने और चौकियों में वर्तमान समय में भी बुजुर्ग और वरिष्ठ नागरिक अपनी व्यथा और समस्या को लेकर थाने और चौकी में नजर आ रहे हैं, जबकि अधिकारियों द्वारा दावा किया गया था कि वह यूपी-112 की कॉल मिलाते ही उनको सारा डाटा मिल जाएगा और परेशान नहीं होना पड़ेगा।

### ऑपरेशन त्रिनेत्र को लेकर भी नहीं मिल रही रिपोर्ट




करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश पुलिस के शीर्ष अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में भी ऑपरेशन त्रिनेत्र को तीव्रता से शुरू किया गया था। शुरूआत में प्रत्येक महीने थानेवार इसकी रिपोर्ट जारी होती थी। चौकी प्रभारी से लेकर बीट पुलिसिंग को संभालने वाले पुलिसकर्मियों को यह टास्क दिया जाता था कि वह ऑपरेशन त्रिनेत्र के जरिए अधिक से अधिक सीसीटीवी के लगवाने की उनके क्षेत्र में रिपोर्ट अग्रसारित करेंगे लेकिन लंबे समय से इसको लेकर गाजियाबाद पुलिस के अधिकारियों और सोशल मीडिया ग्रुपों के माध्यम से भी इसको लेकर कोई जानकारी नहीं दी जा रही है।

### थानों के प्रभारियों की वर्किंग रिपोर्ट भी है पेंडिंग

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में थाना प्रभारियों की वर्किंग रिपोर्ट के आधार पर यह तय करने का निर्णय लिया गया था कि वह आगे चार्ज चला पाएंगे या नहीं। उधर बताया जा रहा है कि लंबे समय पर नदियापार में एक प्रमुख थाने के प्रभारी को केवल वर्किंग रिपोर्ट के आधार पर ही कुर्सी से पैदल किया गया था। फिलहाल में कमिश्नरेट से बाहर जा चुके हैं लेकिन उसके बाद से थाना प्रभारियों की वर्किंग रिपोर्ट को लेकर भी अधिकारियों का जो फोक्स था वह आउट ऑफ वर्क ही चल रहा है।

# अखिलेश यादव बोले: मंगेश को घर से उठाकर हत्या की गई

## भाजपा ने प्रदेश को फेक एनकाउंटर की राजधानी बना दिया

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने यूपी को फर्जी एनकाउंटर की राजधानी बना दिया है। मंगेश यादव को घर से उठाकर मारा गया था। एनकाउंटर के समय पुलिस अधिकारी चप्पल में था। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने यूपी को फर्जी एनकाउंटर की राजधानी बना दिया है। सुल्तानपुर डकैती कांड में मंगेश यादव को घर से उठाकर मार दिया गया। मंगेश की हत्या की गई है। एनकाउंटर के समय जो पुलिसकर्मी था वो चप्पल में था। यूपी में झूठे एनकाउंटर हो रहे हैं। अभी तक एनकाउंटर में सबसे ज्यादा पीडीए के लोग मारे गए हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि मठाधीश और माफिया में ज्यादा फर्क नहीं होता है।

अयोध्या में भाजपा ने जमीनों की लूट की, हम विश्वस्तर का शहर बनाएंगे

अखिलेश यादव ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने अयोध्या में जमीनों की लूट की है। इसमें अधिकारी भी शामिल हैं। गरीबों की जमीन सस्ते दामों पर ली और फिर सर्किल रेट



बढ़ा दिए। उन्होंने कहा कि अयोध्या को विश्वस्तर का शहर बनाया जाना चाहिए। इसके लिए दिमाग लगता है। जब हमारी सरकार आएगी तो अयोध्या को विश्वस्तर का शहर बनाएंगे। गरीबों को अगर सर्किल रेट बढ़ाकर दाम देना पड़ेगा तो देंगे। समाजवादी पार्टी ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सपा नेता पवन पांडेय ने अखिलेश यादव की प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी दी है। भाजपा नेताओं ने अयोध्या में सेना की जमीन कब्जा ली है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में जमीन कब्जाने का काम भाजपा नेता, सरकार और अधिकारी मिलकर कर रहे हैं। सपा नेता ने आरोप लगाया कि विकास की परियोजनाओं के बहाने गरीबों की जमीन को लूटा जा रहा है। कालाबाजारी की जा रही है। उन्होंने रजिस्ट्री के कागज मीडिया में भी दिखाए और अखिलेश यादव को सौंपे।

### लोगों को हाथ-पांव बांधकर गोली मारकर घायल किया जा रहा है

यूपी विधानसभा में नेता विपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने योगी सरकार पर फर्जी एनकाउंटर करवाने के आरोप लगाए। कहा कि कुछ लोगों को पकड़कर हाथ-पांव बांध दिए जाते हैं और गोली मारकर घायल कर दिया जाता है। इस तरह एनकाउंटर किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हत्या, लूट और डकैती की घटनाएं बढ़ रही हैं। प्रदेश में अपराध बेलगाम हैं।

# अखिलेश यादव ने मायावती के दावों पर दिया जवाब बोले- अपनी कमियां छिपाने के लिए लगा रहीं आरोप

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बसपा सुप्रीमो मायावती केआरोपों पर जवाब दिया और कहा कि वो अपनी कमियां छिपाने के लिए आरोप लगा रही हैं। मायावती ने कहा था कि 2019 में चुनाव हारने के बाद सपा नेताओं ने फोन उठाना बंद कर दिया था। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मायावती के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि वो अपनी कमियां छिपाने के लिए आरोप लगा रही हैं। जिस समय गठबंधन टूटा मैं आजमगढ़ में था। मंच पर बसपा के नेता थे मैंने उनसे पूछा कि गठबंधन क्यों तोड़ा? मैं मीडिया को क्या जवाब दूंगा? अब वो अपनी

**2019 के चुनाव में यूपी में सपा व बसपा ने गठबंधन में चुनाव लड़ा था जिसमें सपा को पांच और बसपा को 10 सीटें प्राप्त हुई थी**





कमियां छिपाने के लिए आरोप लगा रही हैं। अखिलेश यादव मायावती के उन आरोपों का जवाब दे रहे थे जिसमें उन्होंने कहा था कि 2019 के लोकसभा चुनाव हारने के बाद सपा के नेताओं ने उनका फोन उठाना बंद कर दिया था। सपा के लोग हार से निराश थे। बसपा को 10 सीटें मिली थीं। मायावती ने ये दावा अपनी उस बुकलेट में किया था जो कि उपचुनाव और 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को बांटी जा रही थीं। 2019 के चुनाव में यूपी में सपा व बसपा ने गठबंधन में चुनाव लड़ा था जिसमें सपा को पांच और बसपा को 10 सीटें प्राप्त हुई थीं।

अखिलेश यादव ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा ने यूपी को फर्जी एनकाउंटर की राजधानी बना दिया है। सुल्तानपुर डकैती कांड में मंगेश यादव को घर से उठाकर मार दिया गया। मंगेश की हत्या की गई है। एनकाउंटर के समय जो पुलिसकर्मी था वो चप्पल में था। यूपी में झूठे एनकाउंटर हो रहे हैं। अभी तक एनकाउंटर में सबसे ज्यादा पीडीए के लोग मारे गए हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि मठाधीश और माफिया में ज्यादा फर्क नहीं होता है।

### अयोध्या में जमीनों की लूट की

भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने अयोध्या में जमीनों की लूट की है। इसमें अधिकारी भी शामिल हैं। गरीबों की जमीन सस्ते दामों पर ली और फिर सर्किल रेट बढ़ा दिए। उन्होंने कहा कि अयोध्या को विश्वस्तर का शहर बनाया जाना चाहिए। इसके लिए दिमाग लगता है। जब हमारी सरकार आएगी तो अयोध्या को विश्वस्तर का शहर बनाएंगे। गरीबों को अगर सर्किल रेट बढ़ाकर दाम देना पड़ेगा तो देंगे।

# यूपी डीजीपी ने दी सफाई, पूरी कार्रवाई निष्पक्ष तरीके से हुई, एसटीएफ ने जारी किए फुटेज

**लखनऊ।** यूपी डीजीपी ने मंगेश यादव एनकाउंटर को लेकर उठाए जा रहे सवालों के जवाब दिए और सीसीटीवी फुटेज भी जारी किए। उन्होंने कहा कि पहले भी हम पर इस तरह के गंभीर आरोप लगाए गए पर हम सही साबित हुए। सुल्तानपुर डकैती कांड में आरोपी मंगेश यादव के फर्जी एनकाउंटर के आरोपों पर जवाब देते हुए यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि पूरे मामले में निष्पक्ष कार्रवाई हुई है। इसे लेकर लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह निराधार हैं। उन्होंने कहा कि अभी बुधवार को ही कोर्ट ने जबरन धर्मांतरण करवाने वालो को सजा सुनाई।

धर्मांतरण रैकेट के खुलासे में भी हमारे ऊपर आरोप लगे थे। हाथरस मामले में भी पुलिस पर आरोप लगे लेकिन कोर्ट में हम सही साबित हुए। सुल्तानपुर डकैती मामले में एसटीएफ ने सीसीटीवी फुटेज भी जारी किए और एनकाउंटर में मारे गए बदमाश मंगेश यादव के परिजनों के बयान भी जारी



किये। यूपी डीजीपी सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के लगाए गए उन आरोपों का जवाब दे रहे थे जिनमें कहा गया था कि मंगेश यादव को घर से उठाकर एनकाउंटर किया गया।

यूपी डीजीपी ने कहा कि इस डकैती में लूटे गए सोने की शत प्रतिशत बरामदगी की जा चुकी है। पुलिस कार्रवाई के दौरान बदमाश भी पुलिस पर फायरिंग करते हैं। ऐसी कार्रवाई को लेकर तरह-तरह की भ्रांतियां लोगों के द्वारा फैलाई जाती हैं। पीयूसीएल की गाइडलाइंस का हम सख्ती से पालन करवाते हैं। किसी भी मामले में किसी भी संवैधानिक संस्था ने यूपी को लेकर उंगली नहीं उठाई है।

एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश ने कहा कि इस घटना को अंजाम देने वाले गैंग लीडर विपिन सिंह था। वह लखनऊ और गुजरात की बड़ी डकैतियों में भी शामिल था। 13 और 15 अगस्त को विपिन, फुरकान और उनके तीन साथियों ने रेकी की थी। घटना में मंगेश यादव भी शामिल था। उन्होंने बताया कि वारदात के समय फुरकान, अनुज और अरबाज डकैती के लिए दुकान में अंदर घुसे थे। विपिन, विनय शुक्ला और मंगेश बाहर थे। एडीजी लखनऊ एस बी शिरोडकर ने बयान दिया कि दो बार दुकान की रेकी की गई थी। विपिन और सचिन ने रेकी की। घटना में इस्तेमाल दो बाईक जौनपुर से चुराई गई थीं और वारदात के बाद भागने के लिए बोलेरो गाड़ी का इस्तेमाल किया गया था।

# दुग्ध संघों को सशक्त बनाना एमपी सरकार का लक्ष्य, विवेक तन्खा कर रहे राजनीति : वीडी शर्मा

**भोपाल।** कांग्रेस नेता विवेक तन्खा ने दावा किया कि मध्य प्रदेश के मिल्क प्रोडक्ट सांची को गुजरात का मिल्क प्रोडक्ट ब्रांड अमूल टेकओवर कर सकता है। कांग्रेस नेता के इस दावे पर मध्य प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने पलटवार किया है। वीडी शर्मा ने कहा, मध्य प्रदेश की सरकार और मुख्यमंत्री ने किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। इस निर्णय का अमूल से कोई संबंध नहीं है। केंद्रीय संस्था राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड का उद्देश्य प्रदेश के दुग्ध संघों को सशक्त और ताकतवर बनाना है। विवेक तन्खा को कुछ नहीं मालूम है, वह यह भी नहीं जानते कि दूध कैसे निकलता है। वह सिर्फ झूठ की राजनीति कर रहे हैं और बिना वजह अमूल का नाम जोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, विवेक तन्खा को मध्य प्रदेश के किसानों के हित में बात करनी चाहिए। आज प्रदेश में 210 लाख लीटर दूध असंगठित सेक्टर से आता है, जबकि संगठित सेक्टर से करीब 40 लाख लीटर दूध आता है। अगर सरकार इसको संगठित करने का प्रयास करती है, तो यह एक सराहनीय कदम है। लेकिन, विवेक तन्खा को इस फैसले से क्यों दुख हो रहा है? कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के 20 सीटों वाले बयान पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कटाक्ष करते हुए कहा, कांग्रेस पागल हो गई है, उनका चरित्र सबके सामने आ रहा है।



# मेयर चुनाव में नया मोड़... जल्द होने की संभावनाएं, एलजी सक्सेना ने तलब की फाइल

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल ने हाल ही में चुनाव की प्रक्रिया को लेकर सक्रिय कदम उठाए हैं, जिससे चुनाव की संभावना तेज हो गई है। एमसीडी के मेयर चुनाव की प्रक्रिया में अब एक निर्णायक मोड़ आ गया है। उपराज्यपाल ने हाल ही में चुनाव की प्रक्रिया को लेकर सक्रिय कदम उठाए हैं, जिससे चुनाव की संभावना तेज हो गई है। पिछले कुछ महीनों से मेयर चुनाव की प्रक्रिया में अड़चनें आ रही थीं। इसका मुख्य कारण मुख्यमंत्री का जेल में बंद होना है। इस कारण मेयर चुनाव की प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न हो गई थी।

एमसीडी के मेयर का चुनाव प्रतिवर्ष अप्रैल माह में होता है। इसके तहत एमसीडी ने गत अप्रैल माह में मेयर चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति के संबंध में दिल्ली सरकार के पास फाइल भेजी थी। लेकिन, मुख्यमंत्री के जेल में होने के कारण संबंधित मंत्री ने यह फाइल सीधे उपराज्यपाल को भेज दी। उपराज्यपाल ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि फाइल को निर्धारित



प्रक्रिया के तहत भेजा जाना चाहिए था। उन्होंने पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति करने से मना कर दिया और वर्तमान मेयर को कामकाज करने का निर्देश दिया। इसके परिणामस्वरूप, एमसीडी की ओर से मेयर चुनाव की कोई नई पहल नहीं की गई और चुनाव की प्रक्रिया लंबित हो गई। इसके चलते दलित वर्ग के पार्षदों के मेयर बनने का मामला लटक गया। दरअसल, एमसीडी ने तीसरे वर्ष के मेयर पद को दलित वर्ग के पार्षद के लिए आरक्षित किया है। आप और भाजपा के दलित पार्षदों ने इस पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल कर रखे हैं। उधर, कांग्रेस ने इस मुद्दे को उठाया और उनके नेताओं ने उपराज्यपाल से मुलाकात की। भाजपा ने भी मेयर चुनाव कराने के लिए उपराज्यपाल को पत्र लिखा।

इसके अतिरिक्त, कुछ सामाजिक संगठनों ने भी उपराज्यपाल से चुनाव की प्रक्रिया को जल्द शुरू करने की अपील की। इन सभी प्रयासों के बाद उपराज्यपाल ने मेयर चुनाव की प्रक्रिया को लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्होंने एमसीडी से एक रिपोर्ट मांगी है। केंद्र सरकार से प्राप्त अधिकारों के तहत अब वे स्वयं पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति कर सकते हैं। एमसीडी के अनुसार, उसने उपराज्यपाल के निर्देश पर रिपोर्ट तैयार कर ली है और वह यह रिपोर्ट उपराज्यपाल को जल्द ही सौंप देगी।

# ड्रोन के जरिए पाकिस्तान से आई एक किलो हेरोइन और चार लाख की नकदी समेत तस्कर गिरफ्तार

**जालंधर।** पुलिस पार्टी ने गुप्त सूचना पर जालंधर बस स्टैंड के पास ग्रीन पार्क कॉलोनी के पास जाल बिछाया था। पुलिस पार्टी ने कूल रोड की तरफ से एक व्यक्ति को बैग लेकर आते देखा जो पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसके बाद उसे पकड़ लिया गया। जालंधर कमिश्नरेट की सीआईए स्टाफ पुलिस ने तस्कर को एक किलोग्राम हेरोइन और 4 लाख रुपये की ड्रग मनी के साथ गिरफ्तार करके एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है।

पुलिस कमिश्नर स्वप्न शर्मा ने बताया कि पुलिस पार्टी ने गुप्त सूचना पर जालंधर बस स्टैंड के पास ग्रीन पार्क कॉलोनी के पास जाल बिछाया था। पुलिस पार्टी ने कूल रोड की तरफ से एक व्यक्ति को बैग लेकर आते देखा जो पुलिस को देखकर भागने लगा। उसकी गतिविधियों पर संदेह होने पर पुलिस पार्टी ने उसे




चेकिंग के लिए रोका। उसके पास से एक किलो हेरोइन और 4 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद हुई। आरोपी की पहचान शिंदा सिंह उर्फ काला पुत्र बुहार सिंह निवासी गांव चक भंगेवाला थाना ममदोट जिला फिरोजपुर के रूप में हुई, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत पुलिस स्टेशन डिवीजन नंबर 6 में केस दर्ज किया गया है। पुलिस आयुक्त आरोपी के साथियों सहित उन लोगों की जांच कर रहे हैं, जिन्हें उसने हेरोइन की इतनी बड़ी खेप सप्लाई करनी थी। उन्होंने कहा कि इस बात की भी जांच की जा रही है कि आरोपी ड्रोन के जरिए पाकिस्तान से हेरोइन कैसे मंगवाते थे। शर्मा ने कहा कि आरोपी के खिलाफ फिरोजपुर में एनडीपीएस अधिनियम की धाराओं के तहत पहले से ही एक एफआईआर लंबित है।

# प्रतिभा जाति, मत और मजहब की बंधक नहीं होती : सीएम योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को मोहनलालगंज स्थित अटल आवासीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एक साथ प्रदेश के सभी 18 अटल आवासीय विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2024-25 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधा। सीएम ने कहा कि सामाजिक न्याय के नाम पर सामाजिक वैमनस्यता पैदा करके देश के दुश्मनों को प्रोत्साहित करने वाले गरीबी के दंश को क्या झेल पाएंगे? सीएम ने कहा कि जिन लोगों ने हमेशा शोषण किया, अराजकता फैलाई, कभी गरीबी नहीं देखी, उनसे उम्मीद करना कि वो बीओसी बोर्ड से जुड़े हुए रजिस्टर्ड श्रमिक या इन निराश्रित बच्चों जिन्होंने कोविड कालखंड में अपने माता-पिता या अभिभावक को खोया है, उनकी पीड़ा को समझ पाएंगे।

उन लोगों के पास उसे समझने के लिए न समय है, न फुर्सत है, क्योंकि उनके अपने एजेंडे हैं। उनका एकमात्र एजेंडा राजनीतिक स्वार्थ के लिए लोगों को बांटना है। इसके अलावा उनको कुछ भी नहीं दिखाई देता। ये चाहते हैं कि एक गरीब कभी गरीबी, अभाव और अशिक्षा से मुक्त न होने पाए। अगर हो जाएगा तो इनके बंटवारे और



सामाजिक वैमनस्यता की राजनीति पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। यही कारण है कि सरकारें पहले भी थीं, पैसा पहले भी था, लेकिन गरीबों के बच्चों के लिए शिक्षा का प्रबंध नहीं किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में जो लोग अराजकता पैदा करना चाहते हैं, अव्यवस्था पैदा करना चाहते हैं, माफियागीरी करना चाहते हैं उन्हें हिलाने के लिए अटल आवासीय विद्यालय एक मॉडल के रूप में स्थापित हो रहा है। सीएम योगी ने कहा कि अभी तो हमने 18 विद्यालय प्रारंभ किए हैं, जबकि दूसरे चरण में हम 57 जनपदों में कंपोजिट विद्यालय के रूप में भी ऐसे ही विद्यालय खोलने जा रहे हैं। वहीं, तीसरे चरण में इसे प्रदेश की सभी 350 तहसीलों में लेकर जाएंगे, तो चौथे चरण में 825 विकास खंड में इस तरह के विद्यालयों की स्थापना होगी। उन्होंने कहा कि पांचवें चरण में इसे हम न्याय पंचायत स्तर पर लेकर जाएंगे। इसका मतलब है कि 2000 ऐसे विद्यालय प्रदेश के अंदर दिखाई देंगे जो बच्चों को उत्तम शिक्षा देने का माध्यम बनेंगे।

इसके अलावा उन्होंने कहा कि अगले चरण में जो 57 विद्यालय बनेंगे उनमें पहली क्लास से लेकर 12वीं क्लास तक के बच्चे अध्ययन करेंगे। इनमें बाल वाटिका भी बनाई जाएगी। इससे पूर्व सीएम योगी ने कक्षा 6 और कक्षा 9 में प्रवेश पाने वाले बच्चों को स्कूल बैग एवं पाठ्य पुस्तकें प्रदान की। वहीं सीएम ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कक्षा 6 में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को पुरस्कार और सर्टिफिकेट वितरित किया। इसके अतिरिक्त विज्ञान रत्न और खेलकूद व अन्य गतिविधियों में अग्रणी छात्रों को भी सीएम ने पुरस्कार प्रदान किया। वहीं, छात्रों ने सीएम योगी के स्वागत में नृत्य प्रस्तुतियां देकर उनका दिल जीत लिया। सीएम योगी ने कहा कि श्रद्धेय अटल जी कहते थे कि जो समाज अशिक्षा और अभाव का सफलतापूर्वक मुकाबला कर ले उसको सुरक्षित और समृद्ध होने से दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती। ये अभाव और अशिक्षा समाज के सबसे बड़े दुश्मन हैं। अभाव आता है गरीबी से, अकर्मण्यता से, अराजकता से, भ्रष्टाचार से, आपसी बंटवारा से और जहां भी भ्रष्टाचार होगा, अराजकता होगी, अभाव होगा, वहां पर जंगलराज भी होगा, अव्यवस्था होगी, असुरक्षित माहौल होगा, किसी का सम्मान नहीं होगा। जब समाज को सही दिशा में नेतृत्व न मिले तो अशिक्षा जैसी बीमारियां तेजी के साथ फैलती हैं और समाज का बड़ा हिस्सा इसकी चपेट में आता है।

ऐसे में गरीबी, भुखमरी, अभाव ये सारी विकृतियां समाज में देखने को मिलती हैं। श्रद्धेय अटल को एक व्यापक जीवन का अनुभव था और उस अनुभव को उन्होंने अपने शब्दों से, अपने काव्यों के माध्यम से और जब सरकार में आने का अवसर प्राप्त हुआ। तो इन बुराइयों से लड़ने के लिए एक व्यापक कार्ययोजना जमीनी धरातल पर उतारने का कार्य किया था।

# सीएम केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट आज सुनाएगा फैसला

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर फैसला सुनाएगा। केजरीवाल ने कथित शराब नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

सुप्रीम कोर्ट वेबसाइट पर प्रकाशित वाद सूची के अनुसार, जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ 13 सितंबर को अपना फैसला सुनाएगी। पिछले हफ्ते, जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की सदस्यता वाली पीठ ने केजरीवाल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी और सीबीआई की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान सिंघवी ने कहा था कि सीबीआई ने अरविंद केजरीवाल को एफआईआर दायर होने के बाद दो साल तक गिरफ्तार नहीं किया, लेकिन मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उनकी रिहाई को रोकने के लिए जल्दबाजी में बीमा गिरफ्तारी की। उन्होंने कहा था कि सीबीआई ने केजरीवाल को उनके





असहयोग और टालमटोल वाले जवाब के लिए गिरफ्तार किया, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के कई फैसले हैं, जिनमें कहा गया है कि जांच में सहयोग करने का मतलब यह नहीं होना चाहिए कि आरोपी खुद को दोषी ठहराए और कथित अपराधों को कबूल करे। सिंघवी ने कहा था कि दिल्ली के मुख्यमंत्री के पद पर आसीन संवैधानिक पदाधिकारी केजरीवाल ने जमानत देने के लिए ट्रिपल टेस्ट को पूरा किया है। उनके भागने का खतरा नहीं है, वह जांच एजेंसी के सवालों का जवाब देने के लिए आएंगे और दो साल बाद लाखों पन्नों के दस्तावेजों और डिजिटल सबूतों से छेड़छाड़ नहीं कर सकते। दूसरी ओर, केंद्रीय एजेंसी को आशंका है कि केजरीवाल की रिहाई से कई गवाह अपने बयान से पलट जाएंगे और इसलिए उसने सुप्रीम कोर्ट से उन्हें जमानत पर रिहा न करने का आग्रह किया। एएसजी राजू ने कहा था कि गोवा विधानसभा चुनाव में आप की तरफ से मैदान में उतरने वाले कई उम्मीदवार केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद ही केंद्रीय एजेंसी के समक्ष अपना बयान देने के लिए आगे आए। उन्होंने तर्क दिया था, यदि आप केजरीवाल को जमानत पर रिहा करते हैं, तो वे (गवाह) अपने बयान से पलट जाएंगे। केजरीवाल की जमानत याचिका को ट्रायल कोर्ट में वापस भेजा जाना चाहिए और उन्हें पहली बार में ही दिल्ली हाईकोर्ट में जमानत के लिए याचिका नहीं दायर करनी चाहिए थी। एएसजी ने कहा था कि गिरफ्तारी जांच का एक हिस्सा है और आम तौर पर किसी जांच अधिकारी को गिरफ्तारी के लिए अदालत से किसी अनुमति की जरूरत नहीं होती है। लेकिन, वर्तमान मामले में, अदालत ने (गिरफ्तारी करने का) अधिकार देने का आदेश दिया था। जब अदालत के आदेश के अनुसार गिरफ्तारी की जाती है, तो कोई आरोपी मौलिक अधिकारों के उल्लंघन की दलील नहीं दे सकता। बता दें कि हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने आबकारी नीति मामले में वरिष्ठ आप नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, बीआरएस नेता के. कविता और आप के पूर्व संचार प्रभारी विजय नायर को जमानत दी थी।

# सवाई माधोपुर में मूसलधार बारिश से बाढ़ जैसे हालात जिला मुख्यालय में भरा पानी, कई बस्तियां जलमग्न

**राजस्थान।** भारी बारिश और बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जिला कलेक्टर ने कक्षा 1 से 12वीं तक की कक्षाओं की छुट्टी घोषित कर दी है। कलेक्टर स्वयं अपनी टीम के साथ अतिवृष्टि से प्रभावित इलाकों का दौरा कर रहे हैं। सवाई माधोपुर जिला मुख्यालय पर मूसलधार भारी बारिश का दौर लगातार जारी है, जिसके कारण बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। लटिया नाला अपने पूरे वेग से बह रहा है, इससे शहर स्थित पुलिया भी क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिया के ऊपर लटिया का पानी बह रहा है, जिससे जिला मुख्यालय के कई निचले इलाकों की बस्तियां पानी में जलमग्न हो गई हैं। दर्जनों गाड़ियां पानी में डूबी हुई हैं और जिला अस्पताल में भी चारों ओर पानी भर गया है। अस्पताल परिसर



में गाड़ियां 3 से 4 फीट पानी में डूबी हुई हैं। भारी बारिश और बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जिला कलेक्टर ने कक्षा 1 से 12वीं तक की कक्षाओं की छुट्टी घोषित कर दी है। कलेक्टर स्वयं अपनी टीम के साथ अतिवृष्टि से प्रभावित इलाकों का दौरा कर रहे हैं और लोगों को अलर्ट मोड पर रखकर सुरक्षित स्थान पर जाने की अपील कर रहे हैं। रणथंबोर के झरने भी रौद्र रूप धारण कर चुके हैं। जिला प्रशासन ने सभी अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रखा है और सवाई माधोपुर से अन्यत्र आने-जाने के कई रास्ते भारी बारिश के कारण बंद हो गए हैं। इस स्थिति के चलते लोगों की आवाजाही प्रभावित हो गई है, और सवाई माधोपुर-लालसोट मेगा हाईवे भी अवरुद्ध हो गया है।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।। शुक्रवार 13 सितम्बर-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित







# गाजियाबाद में बन गया बड़ा डंपिंग ग्राउंड

## केंद्रीय कर्मचारियों का कॉलोनी में रहना हुआ दूभर

### बीते कई दिनों से आ रही है कूड़े से बदबू, नगर निगम नहीं कर रहा कार्रवाई

### स्थानीय लोगों का आरोप, नगर निगम ने ही डंप किया है कूड़ा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम के शीर्ष अधिकारी, प्रमुख राजनैतिक चेहरों से लेकर पार्षद गाजियाबाद शहर को वर्ल्ड क्लास बनाने का दावा करते हैं। साफ-सफाई को लेकर बड़े-बड़े अभियान और सरकारी आयोजन किए जाते हैं लेकिन बीते कुछ दिनों से शहर के बीचों-बीच एक ऐसा बड़ा डंपिंग ग्राउंड बनना शुरू हो गया है। जो आसपास की बड़ी आबादी के लिए खतरा बनता जा रहा है। यहां वर्तमान में लगभग 500 से अधिक बड़े ट्रक कूड़ा सड़क के बीचों-बीच डाला जा रहा है। जिससे दो प्रमुख मार्ग कूड़े के भराव से अट चुके हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह कूड़ा कोई और नहीं बल्कि नगर निगम के वाहनों और कर्मचारी ही डाल रहे हैं। इस कूड़े के ढेरे और गंदगी की वजह से कमला नेहरू नगर के केंद्रीय कर्मचारी परिसर के आसपास रहने वाले लोग बेहद परेशान हैं। बीते कई दिनों से रुक-रुक कर बारिश हो रही है और इस बारिश के बाद कूड़े का यह है रूप एक गंभीर परेशानी के रूप में सामने आ रहा है। उधर नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग के बीच जो भुगतान को लेकर मामला चल रहा है वह भी इसमें बड़ा रोल अदा कर रहा है। नगर निगम में महापौर सुनीता दयाल द्वारा स्वास्थ्य विभाग के कूड़ा कलेक्शन से लेकर नालों की सफाई, सीवर और कूड़ा डंपिंग जैसे कार्यों के जो रुके भुगतान बिल हैं, उनको होल्ड कर दिया गया है। इस व्यवस्था का असर शहर की सफाई व्यवस्था पर भी दिख रहा है, भुगतान नहीं मिलने से निगम में चर्चा है कि कूड़े का यह परेशानी वाला मामला आसपास के लोगों के लिए जीता जंजाल बनता जा रहा है।

### स्थानीय पार्षद प्रवीण चौधरी ने कहा सरकार चाहेगी तो नगर निगम को मिल जाएगा डंपिंग ग्राउंड



करंट क्राइम : कमला नेहरू नगर में सरकारी परिसर के क्षेत्र के निकट जहां यह कूड़ाघर यानि अवैध डंपिंग ग्राउंड बन गया है ,इसको लेकर दैनिक करंट क्राइम ने स्थानीय पार्षद प्रवीण चौधरी से बातचीत की। तो उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र में बड़ी संख्या में कूड़ा डाला जा रहा है, जो एक डंपिंग ग्राउंड का रूप ले चुका है। वहीं उन्होंने यह भी कहा है कि वर्तमान में प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और नगर निगम में महापौर से लेकर बड़ी संख्या में भाजपा के पार्षद हैं। विधायक, सांसद भी पार्टी के हैं, हम प्रयास कर रहे हैं कि सरकार चाहे तो नगर निगम को जमीन हैंडोवर कर दे ,जहां नीदरलैंड की कंपनी कूड़ा डंपिंग और उसके अन्य प्रयोग में लेकर साफ सफाई के मुहिम को शुरू करेंगी। उन्होंने कहा है कि अगर नगर निगम को डंपिंग ग्राउंड हैंडोवर होता है तो गाजियाबाद ही नहीं मुरादनगर, पिलखुवा, डासना और आसपास का बड़ा क्षेत्र कूड़े की समस्या से फ्री हो जाएगा। उन्होंने कहा है कि भरोसा है कि हमारी सरकार है, नगर निगम में हम पूरे बहुमत से हैं,जिसका लाभ मिलेगा।

### नागपुर से पहले गाजियाबाद में शुरू होना चाहिए डंपिंग ग्राउंड का काम

करंट क्राइम : पार्षद प्रवीण चौधरी ने कहा है कि कमला नेहरू नगर और उसके आसपास के साथ ही गाजियाबाद में जिस तरीके से कूड़े की डंपिंग ग्राउंड की समस्या गंभीर विषय है। इसको लेकर शासन को सोचना चाहिए, नागपुर से पहले गाजियाबाद में इस कंपनी के कार्य को शुरू कराया जाए ताकि लोगों को कूड़े और गंदगी की बीमारी से छुटकारा मिल सके।

### नहीं हटता है कूड़ा तो कमला नेहरू नगर का डंपिंग ग्राउंड विदेशियों के लिए भी रहेगा खतरा

करंट क्राइम : सूत्रों से जानकारी मिली है कि आने वाले दिनों में कमला नेहरू नगर परिसर क्षेत्र में एचआरडीसी मंत्रालय का एक बड़ा कार्यक्रम होना है। जिसमें कई देशों के प्रतिनिधि यहां पर आएंगे। जानकारी मिली है कि यह लोग आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण करेंगे। वहीं स्थानीय पार्षद प्रवीण चौधरी का कहना है कि वर्तमान में कमला नेहरू नगर वाली इस रोड पर 500 से अधिक ट्रैकों का कूड़ा यहां पड़ा हुआ है। गंदे कूड़े और गंदगी की वजह से आसपास की पूरी आबादी गंदगी और बदबू सहने को मजबूर है। बीते दिनों से हो रही लगातार बारिश की वजह से कूड़ा अब सड़ रहा है और आसपास के रहने वाले लोगों को बीमारी का खतरा भी मंडरा रहा है। उन्होंने कहा है कि लगातार जिस तरीके से डंपिंग ग्राउंड की अनदेखी की जा रही है यह ठीक नहीं है।

### क्या आंखों में धूल झोंकने का हो रहा है प्रयास

करंट क्राइम : नगर निगम और गाजियाबाद शहर के लिए कूड़ा डंपिंग एक महत्वपूर्ण और परेशानी वाला विषय चल रहा है। कूड़ा डंपिंग को लेकर कभी स्थानीय लोग नाराज होते हैं। तो कभी एनजीटी की फटकार लगाई जाती है। कभी मुरादनगर पाइपलाइन मार्ग पर कूड़ा डालने का विरोध होता है। तो कभी सदरपुर गांव और महरौली गांव के आसपास के लोग प्रदर्शन करते हैं। पुलिस और अधिकारियों को मध्यस्थता करनी पड़ती है। वहीं नदियापार के भी कई इलाकों में कूड़े की गंदगी का आलम किसी से छुपा नहीं है। उधर स्वास्थ्य विभाग के भुगतानों को लेकर रोक लगी हुई है। तो नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारियों की मिली भगत कूड़े के मसले पर आंखों में धूल झोंकने वाला काम सा चल रहा है।

### मेयर, सांसद, विधायक फिर भी नहीं मिल रहा कूड़े से निजात

करंट क्राइम : भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और प्रदेश में सरकार है। निगम में महापौर और भाजपा के पार्षदों का दबदबा है। बड़ी संख्या में यहां से विधायक, एमएलसी, सांसद भाजपा के होने के बावजूद बीते कई सालों से नगर निगम कूड़ा डंपिंग का विषय हल नहीं कर पा रहा है। कूड़ा डंपिंग का विषय गाजियाबाद के लोगों और खुद नगर निगम के लिए एक बड़ी समस्या बनता जा रहा है। इसको लेकर तमाम तरह की परेशानियां देखने को मिलती रहती हैं।

---

## कलक्ट्रेट में हुए 23 बाबुओं के तबादले

### किसी का हुआ प्रमोशन तो किसी का शासकीय नियमों से बदला पटल






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कलक्ट्रेट में तैनात बाबुओं के एक लंबे समय के बाद तबादले हुए हैं। प्रधान सहायक अमनीश कुमार को नाजिर सदर बनाया गया है, प्रधान सहायक लेखराम को बिल लिपिक के साथ-साथ जेआरके का अतिरिक्त कार्य दिया गया है। प्रधान सहायक मिथिलेश को वाकिल बाकिल लवी तहसील सदर में तैनाती दी गई है। प्रधान सहायक धीरज कुमार को एडीएम सिटी पेशकार से अटैच किया गया है। वरिष्ठ सहायक सुमित ठाकुर को एसडीएम सदर के आशुलिपिक और शस्त्र लिपिक का कार्य दिया गया है। कनिष्ठ सहायक मोहन कुमार, वरिष्ठ सहायक सिंथिया तोमर, वरिष्ठ सहायक शादून खान, वरिष्ठ सहायक मिंटू उज्जवल, वरिष्ठ सहायक निशा मलिक, वरिष्ठ सहायक इमरेंद्र सिंह, वरिष्ठ सहायक जगपाल, वरिष्ठ सहायक इंजमामउल हक, वरिष्ठ सहायक आशीष कुमार, वरिष्ठ सहायक ध्रुव कुमार, वरिष्ठ सहायक आशा रानी, वरिष्ठ सहायक अंकित मलिक, कनिष्ठ सहायक मेघना सिंह, कनिष्ठ सहायक निशा राजपूत, कनिष्ठ सहायक चकबंदी पुष्पेंद्र कुमार, केके शर्मा, प्रधान सहायक सतबीर सिंह, कनिष्ठ सहायक चकबंदी भानू प्रताप का तबादला किया गया है।

## फर्जी कागजात से विदेश भेजने के गिरोह में शामिल पंजाबी गायक गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** आईजीआई एयरपोर्ट थाना पुलिस ने फर्जी कागजात के जरिये विदेश भेजने का झांसा देकर ठगने वाले गिरोह में शामिल पंजाबी गायक फतेहजीत सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपी पीड़ितों को डंकी रूट से अमेरिका भेजने के बहाने फंसाता था। उसने साथियों के साथ मिलकर एक यात्री के लिए ब्राजील का फर्जी वीजा बनवाया और अलग-अलग देशों से होते हुए पांच बार अमेरिका भेजने का प्रयास किया।

पुलिस के अनुसार, 8 मार्च को गांव नोरंगाबाद, तरनतारन, पंजाब निवासी गुरप्रीत सिंह आईजीआई एयरपोर्ट पर पहुंचा। उसे कजाकिस्तान से निर्वासित किया गया था। इमिग्रेशन अधिकारियों ने यात्रा दस्तावेज की जांच में पाया कि गुरप्रीत भारतीय पासपोर्ट का इस्तेमाल कर भूटान के बाद थाईलैंड गया। फिर वहां से वीजा ऑन अराइवल पर कजाकिस्तान चला गया। उसके पासपोर्ट के दो पन्ने फटे होने के कारण कजाकिस्तान पहुंचने पर अधिकारियों ने पासपोर्ट जब्त कर लिया। इसके बाद आपातकालीन प्रमाणपत्र पर भारत निर्वासित कर दिया गया। धोखाधड़ी करने से इमिग्रेशन अधिकारियों ने गुरप्रीत को आईजीआई एयरपोर्ट थाना पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने उसके खिलाफ फजीवाड़े का मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में गुरप्रीत सिंह ने बताया कि वह बेहतर आजीविका के लिए अमेरिका जाना चाहता था। वह गांव के एजेंट सुल्तान सिंह से मिला। उसने विभिन्न देशों के जरिये अमेरिका भेजने का आश्वासन दिया। उसने 50 लाख रुपये लेकर यात्रा की सभी व्यवस्थाएं करने का भी वादा किया। गुरप्रीत ने एजेंट को 10 लाख रुपये दिए और बाकी रकम गंतव्य पर पहुंचने के बाद देने की बात कही।

सुल्तान ने अपने सहयोगियों की मदद से ब्राजील की आगे की यात्रा के लिए कतर में फर्जी वीजा की व्यवस्था की, लेकिन उसके विमान पर चढ़ने से पहले पासपोर्ट से ब्राजील के फर्जी वीजा वाले दो पन्ने हटा दिए।

## विजयनगर में गाड़ी हटाने को लेकर विवाद

### तेजाब के हमले और गोली की आवाज से फैली दहशत

### पुलिस मामले की कर रही है जांच, दो लोग हिरासत में

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में सिटी जोन के अंतर्गत आने वाले विजयनगर थानाक्षेत्र में गुरुवार की रात एक स्थानीय व्यक्ति ने उसके परिवार के लोगों पर तलवार, तेजाब और तमंचे से फायरिंग करने की सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल की। शुरूआती जांच के बाद पूरा मामला गाड़ी खड़े करने को लेकर दो पक्षों में विवाद का बताया जा रहा है। इस मामले में पुलिस को प्रथम दृष्टि सूचना दी गई थी की फायरिंग भी हुई है लेकिन पुलिस के अधिकारियों को कहना है कि इस मामले में किसी को फायर इंजरी नहीं हुई है। एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने बताया है कि पीड़ित रिजवान की तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। फिलहाल दो लोगों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। साथ ही पीड़ित पक्ष के बयान दर्ज कर लिए गए हैं।





### गाड़ी खड़ी करने को लेकर शुरू हुआ था विवाद

करंट क्राइम : विजयनगर थानाक्षेत्र में रहने वाले रिजवान ने बताया है कि वह सेक्टर-11 में रहते हैं। वो अपनी वैगनआर गाड़ी से जा रहे थे। घर के पास दूसरी ओर पर नईम नाम का एक व्यक्ति रहता है। उसने सड़क पर ही अपना छोटा हाथी खड़ा कर दिया था। इसको लेकर नईम और उनके बीच गाली गलौज हो गई फिर थप्पड़ मार दिया। नईम अपने घर गए तो पीछे से कुछ लोग नईम के साथ आए और मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि इनमें महिलाओं के पास कांच की बोतल में तेजाब और तलवारों के साथ ही लोहे की रोड और तमंचे से हवाई फायरिंग की गई है। हवाई फायरिंग की सूचना जैसे ही आसपास के लोगों को मिली मौके पर बड़ी संख्या में भीड़ जमा हो गई थी। पुलिस को सूचना मिली तो विजयनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल शुरू की।

---

## ई-रिक्शा बंद करो अभियान में दिख रही है क्रेडिटवार

### पक्ष से लेकर विपक्ष और विधायक से लेकर महानगर अध्यक्ष और पार्षद भी बजा रहे हैं अपनी कामयाबी का ढोल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद में विधानसभा का उपचुनाव होना है ,विधानसभा उपचुनाव से पहले ई-रिक्शा का मामला जिस तरह गाजियाबाद से लेकर लखनऊ तक सुर्खियां बना वह किसी से छुपा नहीं है। हालांकि विरोध, प्रदर्शन और आंदोलन से लेकर कई चेतावनियों के बाद अंबेडकर रोड पर ई-रिक्शा संचालन का फैसला अधिकारियों ने वापस ले लिया है। तो वहीं यातायात पुलिस और पुलिस के अधिकारियों ने बाकायदा इसके लिए एडवाइजरी भी जारी कर दी। इन सबके बीच यहां देखा गया है कि भारतीय जनता पार्टी से लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी से लेकर प्रमुख उद्यमियों और भाजपा के कई प्रमुख फेस भी क्रेडिटवार लेने में पीछे नहीं रहे। क्रेडिटवार लेने वालों में कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष ,तो समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष, युवजन सभा के अध्यक्ष के साथ ही भारतीय जनता पार्टी के मौजूदा विधायक, महानगर अध्यक्ष, पार्षद और अन्य कई नेता भी थे। वहीं कई व्यापारियों और सामाजिक पदाधिकारियों ने भी ई-रिक्शा बंद होने के प्रकरण में उनकी जीत और उनके प्रयासों का ही महिमा मंडन दशार्या है।

### व्यापारी अजय गुप्ता ने उठाया था सबसे पहले ई-रिक्शा बंद किए जाने के विरोध का मुद्दा



करंट क्राइम : शहर के प्रमुख ज्वलंत मुद्दों पर अपनी बेबाक टिप्पणी करने वाले व्यापारी नेता और भाजपा से जुड़े अजय गुप्ता ने अपने विचारों के माध्यम से गाजियाबाद में यातायात पुलिस और पुलिस के शीर्ष अधिकारियों द्वारा अंबेडकर रोड पर ई- रिक्शा बंद किए जाने के मुद्दे को प्रमुखता के साथ उठाया था। इस मुद्दे पर सबसे पहले अपनी आवाज मुखर करने वालों में व्यापारी नेता अजय गुप्ता ही सामने आए थे। साथ ही उन्होंने इसको लेकर महिलाओं, बुजुर्गों, व्यापारियों और इसके आर्थिक नुकसानों को लेकर भी अपनी बात बेबाकी के साथ रखी थी और बताया था कि इसके कई प्रकार के नुकसान हैं।

### लोनी विधायक और महानगर अध्यक्ष ने भी लिया श्रेय





करंट क्राइम : गाजियाबाद में पुलिस के शीर्ष अधिकारियों को बढ़ते दबाव और राजनीतिक और सामाजिक विरोध के बीच ई-रिक्शा अंबेडकर रोड पर बंद किए जाने के मामले को लेकर यू-टर्न लेना पड़ा है। तो वहीं इस पूरे मामले को लेकर जिस तरीके से लोनी से भारतीय जनता पार्टी के विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने अपने क्रांतिकारी अंदाज में ई-रिक्शा बंदी के मामले को लेकर प्रतिदिन आवाज बुलंद की, तो वहीं इस पर फैसला लिए जाने के बाद उन्होंने भी सोशल मीडिया पर बदले गए फैसले का क्रेडिट लिया है। तो वहीं भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा को भी उनके पार्टी के प्रमुख पदाधिकारियों ने पूरा श्रेय देने का काम कर रहे हैं।

## संपादकीय

# ट्रेनों के लिए खतरा

कानपुर के पास ही साबरमती एक्सप्रेस के ट्रैक पर सीमेंट के ब्लाक रख दिए गए थे। इससे इस ट्रेन के 22 डिब्बे पटरी से उतर गए थे। इस घटना की जांच भी आतंकी घटना मानकर की जा रही है। कानपुर के समीप इसी तरह की एक अन्य घटना भी हो चुकी है। देश के अन्य हिस्सों में भी ट्रेनों को पटरी से उतारने की कोशिश के कई मामले सामने आए। ट्रेन की पटरियों पर सीमेंट के ब्लाक, सिलेंडर, लोहे की छड़ें, पेड़ के मोटे तने आदि रखे जाने की घटनाएं महज दुर्योग नहीं हो सकतीं। ये घटनाएं किसी बड़ी साजिश का हिस्सा जान पड़ती हैं। इसकी आशंका इसलिए गहराती जा रही है, क्योंकि इस तरह की घटनाएं जल्दी-जल्दी हो रही हैं। जहां कुछ घटनाओं में समानता देखने को मिल रही है, वहीं कुछ यह संकेत कर रही हैं कि उनके पीछे ट्रेन को पलटाने का इरादा था।

उदाहरणस्वरूप रविवार को कानपुर-कासगंज के जिस ट्रैक पर कालिंदी एक्सप्रेस गुजरनी थी, उस पर एलपीजी भरा सिलेंडर रखा गया। लोको पायलट उसे देखकर जब तक ब्रेक लगाता, ट्रेन उससे टकरा गई। सौभाग्य से कोई क्षति नहीं हुई, लेकिन घटनास्थल पर जिस तरह पेट्रोल से भरी बोतल, बारूद जैसा पदार्थ, माचिस आदि मिली, उससे यही संदेह होता है कि यह आतंकी तत्वों का काम हो सकता है। इसी कारण इस मामले की जांच में एनआइए भी जुट गई। इसके पहले कानपुर के पास ही साबरमती एक्सप्रेस के ट्रैक पर सीमेंट के ब्लाक रख दिए गए थे। इससे इस ट्रेन के 22 डिब्बे पटरी से उतर गए थे। इस घटना की जांच भी आतंकी घटना मानकर की जा रही है। कानपुर के समीप इसी तरह की एक अन्य घटना भी हो चुकी है। इसके अलावा देश के अन्य हिस्सों में भी ट्रेनों को पटरी से उतारने की कोशिश के कई मामले सामने आ चुके हैं। गत दिवस अजमेर में मालगाड़ी को पटरी से उतारने के इरादे से ट्रैक पर 70-70 किलो के सीमेंट के ब्लाक रखे गए।

यह सही है कि कई बार शरारती तत्व रेलवे ट्रैक से छेड़छाड़ करते हैं या फिर ट्रेनों पर पथराव कर देते हैं, लेकिन इधर ट्रेनों को जिस तरह निशाना बनाया जा रहा है, वह शुभ संकेत नहीं। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि रेल पटरियों पर भारी वस्तु रखकर ट्रेनों को नुकसान पहुंचाने की घटनाओं को रेलवे ने आतंकी साजिश मानते हुए उन सभी की जांच का जिम्मा एनआइए को सौंप दिया है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी इन मामलों को गंभीर बता चुके हैं। यह ठीक है कि इन मामलों की जांच एनआइए कर रही है, लेकिन जब तक वह किसी नतीजे पर नहीं पहुंचती, तब तक देश भर में पुलिस को विशेष सतर्कता बरतनी होगी। इसके साथ ही आम लोगों को भी सावधान रहना होगा। उन्हें रेलवे ट्रैक के आसपास की गतिविधियों पर निगाह रखनी होगी और कुछ संदिग्ध या अस्वाभाविक दिखने पर संबंधित अधिकारियों को सूचना देने के लिए तत्पर रहना होगा। शरारती और आतंकी तत्वों के इरादों को नाकाम करने में आम लोगों को सहायक बनना ही चाहिए। निःसंदेह इस सबके साथ रेलवे को भी अपनी सतर्कता बढ़ानी होगी। उसे उन कारणों पर गौर करना होगा, जिनके चलते ट्रेनों को आसान निशाना समझ लिया गया है।

# भारत और अमेरिका महत्वपूर्ण खनिजों और आपूर्ति श्रृंखला के क्षेत्र में साथ मिलकर कर रहे काम : पीयूष गोयल



**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका महत्वपूर्ण खनिजों, आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने और उन्नत तकनीकों को अपनाने को लेकर साथ मिलकर काम कर रहे हैं। सरकार की ओर से यह जानकारी दी गई। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और अमेरिका का रिश्ता द्विपक्षीय और भू-राजनीतिक मुद्दों में साझा हितों के साथ सबसे रणनीतिक संबंधों में से एक हैं। दोनों देशों की ओर से वैश्विक सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। यूएस का डिपार्टमेंट ऑफ स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के तहत आने वाले इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) के साथ साझेदारी करेगा। दोनों देशों की इस पहल को इंटरनेशनल टेक्नोलॉजी सिक्योरिटी और इनोवेशन (आईटीएसआई) फंड की मदद मिल रही है। इस फंड को 2022 में चिप्स एक्ट द्वारा स्थापित किया गया है। यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल (यूएसआईबीसी) की 49वीं एनुअल जनरल मीटिंग को राष्ट्रीय राजधानी में संबोधित करते हुए मंत्री ने जोर देते हुए कहा कि हमें आतंकवाद के खिलाफ लड़ने के लिए वैश्विक गठजोड़ की आवश्यकता है। न्यूयॉर्क में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर 9/11 आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को याद करते हुए गोयल ने कहा कि यह हमला हमें हमेशा याद दिलाता है कि आतंकवाद दुनिया के लिए कितना बड़ा खतरा है।

उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' के सिद्धांत पर काम करती है। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि भारत सरकार द्वारा कार्य लगातार जनहित में किया जा रहा है। इससे देश को लोगों के जीवन में बदलाव आ रहा है। भारत सरकार की ओर से 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

## एआई क्षेत्र के स्टार्टअप्स में 10 लाख डॉलर का निवेश करेगी वीसी फर्म एक्सेल




**बेंगलुरु।** अग्रणी वैश्विक वेंचर कैपिटल (वीसी) फर्म एक्सेल ने गुरुवार को अपने प्री-सीड स्केलिंग प्रोग्राम के चौथे संस्करण एक्सेल एटम्स 4.0 को लॉन्च करने की घोषणा की। इसके तहत चुनिंदा स्टार्टअप को इक्विटी या कन्वर्टिबल नोट के माध्यम से 10 लाख डॉलर तक की वित्तीय मदद की जाएगी और एक्सेल के नेटवर्क भागीदारों से 50 लाख डॉलर से अधिक मूल्य के अन्य लाभ प्राप्त होंगे। पिछले तीन संस्करणों की सफलता के आधार पर, इस कार्यक्रम को स्टार्टअप्स के संस्थापकों की यात्रा को यथासंभव सहज बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। एक्सेल एटम्स 4.0 प्री-सीड स्टार्टअप की दो श्रेणियों से आवेदन आमंत्रित कर रहा है - वे जो 'भारत' और एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) के लिए निर्माण कर रहे हैं। वीसी फर्म 'भारत' को टियर 2, टियर 3 और ग्रामीण भारत में फैले मध्यम आय वाले परिवारों के रूप में परिभाषित करती है।

## SPECIAL WISHES

दैनिक करंट क्राइम



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष राकेश शर्मा के सुपुत्र मुकुल कौशिक के जन्मदिन पर मम्मी पापा ने उनके लिए ईश्वर से स्पेशल विश मांगी। अपने लाडले बेटे के लिए दुनिया की सारी खुशियां मांगी। उसके जीवन में सर्व मंगल सफलता की कामना की।

# भारत में जीसीसी से 2030 तक पैदा होंगी 28 लाख नौकरियां




**नई दिल्ली।** भारत दुनिया का 'जीसीसी कैपिटल' बनकर उभर रहा है। दुनिया के कुल ग्लोबल टेक्नोलॉजी कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) में भारत की हिस्सेदारी 17 प्रतिशत है और इसमें 19 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार मिल रहा है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। जीसीसी मार्केट भारत में 2030 तक बढ़कर 99 से 105 अरब डॉलर का हो सकता है। इस दौरान देश में जीसीसी की संख्या बढ़कर 2,100 से लेकर 2,200 पहुंच सकती है। वहीं, इनमें कर्मचारियों की संख्या 25 लाख से 28 लाख तक पहुंच सकती है। पिछले पांच वर्षों में देश में वैश्विक नौकरियों में तेज इजाफा देखने को मिला है। 6,500 से ज्यादा ऐसी नौकरियां अब पैदा हो चुकी हैं। इसमें 1,100 से ज्यादा पदों पर महिलाएं हैं। नैस्कॉम-जिनोव की रिपोर्ट में कहा गया कि एक चौथाई से ज्यादा वैश्विक इंजीनियरिंग पद भारत में हैं। ये पद एयरोस्पेस, डिफेंस और सेमीकंडक्टर जैसी नई जनरेशन की टेक्नोलॉजी में हैं। सेमीकंडक्टर फर्म और टेक सेक्टर की बहुराष्ट्रीय कंपनियां भारत में इनोवेशन को बढ़ाने के लिए प्रोडक्ट टीम का विस्तार कर रही हैं। पिछले पांच वर्षों में 400 से ज्यादा नए जीसीसी और 1,100 से ज्यादा नए सेंटर्स देश में स्थापित हो चुके हैं और इसके कारण देश में जीसीसी की संख्या 1,700 के पार निकल गई है। वित्त वर्ष 24 में भारत से जीसीसी ने 64.6 अरब डॉलर का निर्यात किया था। वित्त वर्ष 19 से भारत में औसत जीसीसी टैलेंट 24 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है और वित्त वर्ष 24 में 1,130 से ज्यादा कर्मचारी होने का अनुमान है। देश में 90 प्रतिशत से ज्यादा जीसीसी फाइनेंसियल सेंटर्स, टेक्नोलॉजी ऑपरेशन और प्रोडक्ट इंजीनियरिंग के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि 220 से ज्यादा जीसीसी यूनिट्स अहमदाबाद, कोच्चि, तिरुवनंतपुरम और कोयंबटूर जैसे शहरों में स्थित हैं।

# शेयर बाजार ऑल-टाइम हाई पर बंद, सेंसेक्स 1,439 अंक उछला



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार के लिए गुरुवार का कारोबारी सत्र ऐतिहासिक रहा। मेटल, ऑटो और बैंकिंग शेयरों में खरीदारी के कारण सभी सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1,439 अंक या 1.77 प्रतिशत बढ़कर 82,962 और निफ्टी 470 अंक या 1.89 प्रतिशत बढ़कर 25,388 पर बंद हुआ। दिन के दौरान सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने क्रमशः 83,116 और 25,433 का नया ऑल-टाइम हाई बनाया। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में तेजी का ट्रेंड था।

निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 702 अंक या 1.19 प्रतिशत की तेजी के साथ 59,640 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 192 अंक या 1.01 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,354 पर था। सेंसेक्स पैक में एनटीपीसी, भारती एयरटेल, एमएंडएम, विप्रो, जेएसडब्ल्यू स्टील, टेक महिंद्रा, एसबीआई, एलएंडटी, टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, इन्फोसिस, अल्ट्राटेक सीमेंट और एचयूएल टॉप गेनर्स थे। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के बेंचमार्क में केवल नेस्ले ही लाल निशान में बंद हुआ। गुरुवार को करीब सभी इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। ऑटो, आईटी, पीएसयू, फिन सर्विस, फार्मा, मेटल और एनर्जी सबसे ज्यादा बढ़ने वाले इंडेक्स थे। निफ्टी बैंक 762 अंक या 1.49 प्रतिशत की तेजी के साथ 51,772 पर बंद हुआ।

आनंद राठी शेयर्स और स्टॉक ब्रोकर्स के फंडामेंटल रिसर्च के प्रमुख नरेंद्र सोलंकी ने कहा, निफ्टी के ऑल-टाइम हाई छूने की वजह लार्ज कैप में खरीदारी का होना है। वहीं, बाजार में मजबूती का कारण दिन के अंत में यूरोपीय सेंट्रल बैंक (ईसीबी) की पॉलिसी मीटिंग से पहले उपभोग को बढ़ावा देने के लिए इस महीने चीन द्वारा 5 ट्रिलियन डॉलर के लोन की दरों में 50 बीपीएस की कटौती की खबर का आना है।

## राशिफल

**मेष :** अपना मूड बदलने के लिए सामाजिक मेलजोल का सहारा लें। आपकी गैर यथार्थवादी योजनाएँ आपके धन को कम कर सकती हैं। अपने परिवार को पर्याप्त समय दें।

**वृष :** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आप अपनी मेहनत और लगन से लगातार आगे बढ़ते जायेंगे। किसी धार्मिक आयोजन में जाने का प्लान भी बना सकते हैं।

**मिथुन :** मंदिर जाने या कोई धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन की योजना बना सकते हैं। माता का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा। विदेश गमन के लिए परिस्थिति अनुकूल होगी।

**कर्क :** काम के बीच-बीच में थोड़ा आराम करें और देर रात तक काम न करें। उन लोगों की सलाह पर पैसे लगाएँ, जो मौलिक सोच रखते हों और अनुभवी भी हों।

**सिंह :** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आपका मन उमंग से भरा रहेगा। हर कोई आपकी बात को ध्यान से सुनना पसंद करेगा। आप कुछ नया करने की कोशिश करते रहेंगे।

**कन्या :** कीर्ति यश में वृद्धि होगी। नेतृत्व का गुण और लोगों की जरूरतों को समझने की संवेदनशीलता है। खुद को अभिव्यक्त करने पर जोर देंगे, सफलता कदम चूमेगी।

**तुला :** अगर आपकी योजना बाहर घूमने-फिरने की है तो आपका वक़्त हंसी-खुशी और सुकून भरा रहेगा। अपने निवेश और भविष्य की योजनाओं को गुप्त रखें।

**वृश्चिक :** दिन उत्तम रहेगा। आपकी सेहत पहले से बेहतर रहेगी। अकारण शुरू हुई बाधाओं का अंत आज अपने आप हो जायेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**धनु :** कार्यक्षेत्र में विवाद हो सकता है। जीवनसाथी के साथ भविष्य की योजनाएं बनाएंगे। मकान खरीदने या बनाने के मामले में पार्टनर की राय को नजरअंदाज ना करें।

**मकर :** मौज-मस्ती और मनपसंद काम करने का दिन है। यात्रा आपको थकान और तनाव देगी, लेकिन आर्थिक तौर पर फायदेमंद साबित होगी।

**कुंभ :** दिन फायदा देने वाला रहेगा। किसी विदेशी कंपनी से साझेदारी हो सकती है। इसका लाभ आपको आने वाले समय में मिलेगा। लोगों के बीच आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मीन :** अनियमितता के कारण स्वास्थ्य प्रतिकूल हो सकता है। जीवनसाथी का प्यारा बर्ताव दिन खुशनुमा बना सकता है। वित्तीय मामले में थोड़ा सतर्क रहने की जरुरत है।

## चुटकुले

पत्नी के जन्मदिन पर हद से ज्यादा कंजूस पति ने पूछा
- तुम्हें क्या गिफ्ट चाहिए?
पत्नी की इच्छा नई कार लेने की थी।
उसने इशारों में कहा - मुझे ऐसी चीज लेकर दो,
जिस पर सवार होते ही वो सेकण्ड में 0 से 100 पर पहुंच जाए।
शाम को पति घर आते वक्त अपनी पत्नी के लिए वजन तौलने वाली मशीन ले आया।

---

गप्पू का सवाल
गप्पू सारी जिंदगी सोचता रहा,
सोचता रहा और सोचते-सोचते पागल हो गया कि
मेरे बहन के दो भाई तो मेरा एक कैसे?

---

जब भी अपने दोस्तों को ऑनलाइन
देखता हूं तो दिल को सुकून मिलता है
कि मैं अकेला ही फुर्सत में नहीं बैठा हूं।
काम-धंधा तो इनके पास भी नहीं है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ (एनआईएच) के मुताबिक, 6% से अधिक बच्चे अवसाद से ग्रस्त हैं और उनमें से 4.9% की बड़ी अवसाद है।
- गंभीर अवसाद कोशिकाओं में बुढ़ापे की प्रक्रिया को बढ़ाकर हमें जैविक रूप से अधिक उम्र का बना सकता है।
- अवसाद के लगभग 80% पीड़ित उपचार प्राप्त नहीं कर रहे हैं।
- हास्य कलाकारों और हास्यास्पद लोगों पर किए गए शोध से पता चला है कि वे आमतौर पर औसत से अधिक उदास हैं।
- एक बार जब लोग मध्य जीवन को प्रभावित करते हैं, तो टेस्टोस्टेरोन की कमी के कारण उन्हें अवसाद का खतरा बढ़ सकता है। दुनियाभर में सभी उम्र के 350 मिलियन लोग अवसाद से ग्रस्त हैं। मादक द्रव्यों के सेवन संबंधी समस्याओं के लगभग 30% लोग भी अवसाद से पीड़ित हैं।
- पुरुषों की तुलना में महिलाओं में लगभग दो गुणा अधिक होने की वजह से प्रमुख अवसाद से पीड़ित हैं।
- जिन लोगों में से 15% अवसाद से ग्रस्त होते हैं, वे हर साल अपनी जान लेते हैं।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

## करंट क्राइम

# आज के जन्मदिन

परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

13 09 2024

सेलेब्रिटी जन्मदिन




महिमा चौधरी
अभिनेत्री



अभय मिश्रा (अपर पुलिस अधीक्षक), दिवानी कश्यप, यशिका राघव, यश कश्यप, मुकुल कौशिक, नैना रोहित ठाकुर, बबीता प्रजापति, सारीका चौधरी, किरण भारती



सुमन, उमाशंकर सिंह, आशीष मैत्रेय, विनीत यादव, यौगेश गुप्ता, ताहिर, उस्मान सिद्दीकी, विकास मल्होत्रा, अमित त्यागी



चेतन जौनी, सोहन रावत, सुशील कुमार, विशाल उपमन्यु, मुकुल कौशिक, विवेक शर्मा, विक्रांत त्यागी, अरविंद श्रीवास्तव, जितेन्द्र तोमर, सचिन चंदेला

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
**Email : currentcrimenews@gmail.com**



# आयरलैंड के ऑलराउंडर सिमी सिंह लीवर ट्रांसप्लांट सर्जरी के बाद ठीक होने की राह पर

**सिमी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, हाय दोस्तों। बस एक अपडेट कि मैंने लीवर ट्रांसप्लांट सर्जरी करवाई है। यह 12 घंटे लंबी सर्जरी थी और अब मैं ठीक होने की प्रक्रिया में हूं।**

**नई दिल्ली।** आयरलैंड के ऑलराउंडर सिमी सिंह ने कहा कि वह लीवर ट्रांसप्लांट की सफल सर्जरी के बाद अब ठीक होने की राह पर हैं। इस महीने की शुरूआत में पता चला कि सिमी को लीवर फेलियर की गंभीर समस्या है और उन्हें ट्रांसप्लांट की जरूरत है।

सिमी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, हाय दोस्तों। बस एक अपडेट कि मैंने लीवर ट्रांसप्लांट सर्जरी करवाई है। यह 12 घंटे लंबी सर्जरी थी और अब मैं ठीक होने की प्रक्रिया में हूं। यह एक ऐसा मामला था जिसमें गलत एंटीबायोटिक्स और स्टेरॉयड दिए गए थे, जिसके कारण लीवर फेल हो गया। मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि मेरी पत्नी ने आखिरकार डोनर बनकर मेरी मदद की। मैं सभी को उनके संदेश और प्रार्थनाओं के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।"

द टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, आयरलैंड में सिमी अस्वस्थ महसूस कर रहे थे और इस साल जून में आगे के इलाज के लिए भारत लौट आए। पीजीआई चंडीगढ़ में इलाज के बाद, डॉक्टरों ने पाया कि सिमी को लीवर फेलियर है और उन्हें गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में रेफर कर दिया।

उनके ससुर परविंदर सिंह ने उस समय कहा था कि सिमी की पत्नी अगमदीप क्रिकेटर को नया जीवन देने के लिए अपने लीवर का हिस्सा दान करेंगी। सिमी के स्वास्थ्य से संबंधित घटनाक्रम की पुष्टि क्रिकेट आयरलैंड के मुख्य कार्यकारी वारेन ड्यूट्रोम ने भी की, जिन्होंने आयरिश क्रिकेट के भीतर ऑलराउंडर को केंद्रीय व्यक्ति बताया - चाहे वह अंतरराष्ट्रीय, प्रांतीय या क्लब स्तर पर हो।

37 वर्षीय सिमी ने आयरलैंड के लिए 35 वनडे खेले हैं और 53 टी20 मैच खेले हैं, जिसमें 2021 और 2022 पुरुष टी20 विश्व कप में देश के लिए खेलना शामिल है।

मोहाली में जन्मे और पले-बढ़े सिमी ने 2005 में देश में आने के बाद 2017 में आयरलैंड के लिए पदार्पण किया, जब वे भारत में सीनियर स्तर के क्रिकेट में जगह नहीं बना पाए। अब तक, उन्होंने वनडे में 39 विकेट लिए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/10 रहा है, इसके अलावा उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद शतक भी बनाया है। सिमी के नाम टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 44 विकेट दर्ज हैं, इसके अलावा उन्होंने आयरलैंड के लिए इस प्रारूप में एक अर्धशतक भी लगाया है।

# पीएम नरेंद्र मोदी ने भारतीय पैरा-एथलीटों से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पेरिस पैरालंपिक से लौटे भारतीय दल से अपने आवास पर मुलाकात की। इस बार भारतीय एथलीटों ने टोक्यो के रिकॉर्ड प्रदर्शन को पीछे छोड़ते हुए वैश्विक मंच पर अपनी छाप छोड़ी और पैरालंपिक में देश के लिए अब तक के सर्वोच्च पदक जीतकर इतिहास रचा।

भारत ने 7 स्वर्ण, 9 रजत और 13 कांस्य पदक के साथ कुल 29 पदकों के साथ पदक तालिका में 18वां स्थान हासिल किया। इस दल ने 2020 टोक्यो पैरालंपिक (कुल मेडल 19) में भारत द्वारा बनाए गए अब तक के सर्वश्रेष्ठ पदकों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है।

पैरालंपिक खेलों में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनी अवनि लेखरा ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 शूटिंग स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ अपना खिताब बरकरार रखते हुए पीएम मोदी को अपनी जर्सी



भेंट की। इस पर लिखा था, ₹आपके समर्थन के लिए... धन्यवाद सर।₹

इसके अलावा, प्रधानमंत्री मोदी ने कपिल परमार के कांस्य पदक पर साइन किए, जो उन्होंने पैरा जूडो पुरुषों की 61 किग्रा जे1 श्रेणी में जीता था।

फ्रांस की राजधानी में 28 अगस्त से 8 सितंबर तक आयोजित पेरिस 2024 पैरालंपिक में रिकॉर्ड 84 पैरा-एथलीटों ने भारत का प्रतिनिधित्व किया।

भारत ने 12 खेलों में भाग लिया, जो टोक्यो 2020 से तीन ज्यादा है। ये तीन नए खेलों में - पैरा साइक्लिंग, पैरा रोइंग और ब्लाइंड जूडो शामिल था।

भाला फेंक के दिग्गज सुमित अंतिल ने पैरालंपिक में अपना खिताब बचाने वाले पहले भारतीय पुरुष के रूप में इतिहास रच दिया।

उन्होंने पुरुषों की भाला फेंक एफ64 में 70.59 मीटर की शानदार थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता, जो एक नया पैरालंपिक रिकॉर्ड है। उन्होंने टोक्यो 2020 पैरालंपिक में बनाए गए अपने पिछले रिकॉर्ड को पेरिस में तीन बार तोड़ा।



# अफगानिस्तान टीम में राशिद की वापसी

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के प्रमुख लेग स्पिनर राशिद खान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज के लिए टीम में वापसी कर रहे हैं। यह सीरीज 18-22 सितंबर तक शारजाह में खेली जाएगी।

राशिद आयरलैंड के खिलाफ पिछली वनडे सीरीज में नहीं खेल पाए थे और यहां तक कि न्यूजीलैंड के खिलाफ अफगानिस्तान के एकमात्र टेस्ट मैच से भी बाहर हैं। हालांकि, यह मैच ग्रेटर नोएडा में लगातार बारिश के कारण चार दिनों तक शुरू नहीं हो पाया और अब तक हर दिन का खेल रद्द किया गया है।

**राशिद खान की आगामी वनडे सीरीज के लिए टीम में वापसी**

मैच का अंतिम फैसला कल (शुक्रवार को) आएगा। टीम में, अफगानिस्तान ने शीर्ष क्रम के बल्लेबाज अब्दुल मलिक को शामिल किया है, जिन्होंने हाल ही में घरेलू लिस्ट ए प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया है। दरवेश रसूली, जिन्होंने सात टी-20 मैच खेले हैं और हाल ही में आयोजित लिस्ट ए कप और एससीएल 9 टूर्नामेंट में लगातार शानदार प्रदर्शन किया है, को भी टीम में जगह मिली है। मुख्य चयनकर्ता अहमद शाह सुलेमानखिल ने एक बयान में कहा, ₹मुजीब उर रहमान अपनी चोट से उबर रहे हैं और चयन के लिए उपलब्ध नहीं हैं। इब्राहिम जादरान भी न्यूजीलैंड टेस्ट के पहले टखने में मोच आने के कारण दक्षिण अफ्रीका वनडे से बाहर रहेंगे। हालांकि, हमने अब्दुल मलिक और दरवेश रसूली जैसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले कुछ युवा खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया है।

आगामी सीरीज में अफगानिस्तान पहली बार दक्षिण अफ्रीका के साथ वनडे सीरीज खेलेगा। दोनों टीमें 2019 और 2023 विश्व कप में वनडे फॉर्मेट में दो बार भिड़ चुकी हैं, जिसमें दोनों मौकों पर दक्षिण अफ्रीका विजयी रहा है।

अफगानिस्तान टीम : हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), रहमत शाह (उपकप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), अब्दुल मलिक, रियाज हसन, दरवेश रसूली, अजमतुल्लाह उमरजई, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नैयब, राशिद खान, नांग्याल खरोती, अल्लाह मोहम्मद गजनफर, फज्जल हक फारुकी, बिलाल सामी, नवीद जादरान और फरीद अहमद मलिक।

# खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने अंतर्राष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेमर लिएंडर पेस से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने गुरुवार को भारतीय टेनिस के महान खिलाड़ी और अंतर्राष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेमर लिएंडर पेस से मुलाकात की और भारत में खेलों के भविष्य और ओलंपिक और पैरालंपिक में देश के प्रदर्शन को और बेहतर बनाने की रणनीतियों पर चर्चा की।



खेल मंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, ₹आज दिग्गज ओलंपिक पदक विजेता @लिएंडर से मिलकर खुशी हुई! साथ ही उन्हें टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल किए जाने पर बधाई दी! वे युवाओं और एथलीटों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करते रहते हैं। चर्चा भारत में एक मजबूत खेल नींव बनाने पर केंद्रित थी, जिसमें जमीनी स्तर की प्रतिभाओं की पहचान और पोषण पर जोर दिया गया।

मंत्रालय की विज्ञप्ति में कहा गया है कि केंद्रीय मंत्री ने अधिक अनुकूल वातावरण बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की, जहां महत्वाकांक्षी एथलीटों को विश्व स्तरीय सुविधाओं, कोचिंग और प्रतिस्पर्धी अवसरों तक पहुंच मिल सके। पेस ने अपने अनुभव और अंतर्दृष्टि साझा की कि उच्चतम स्तर पर सफल होने के लिए क्या करना चाहिए।

इस साल जुलाई में, पेस और विजय अमृतराज इंटरनेशनल टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले पहले एशियाई पुरुष बने।

जबकि पेस को खिलाड़ी श्रेणी में शामिल किया गया था, अमृतराज ने योगदानकर्ता श्रेणी के तहत प्रतिष्ठित क्लब में जगह बनाई।

व्यापक रूप से खेल के इतिहास में शीर्ष युगल खिलाड़ियों में से एक के रूप में जाने जाने वाले पेस 18 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन हैं, जिन्होंने आठ पुरुष युगल खिताब और 10 मिश्रित युगल खिताब जीते हैं। वे टेनिस इतिहास के केवल तीन पुरुषों में से एक हैं जिन्होंने दोनों वर्गों में करियर ग्रैंड स्लैम जीता है। वे युगल में विश्व रैंकिंग में नंबर 1 पर 37 सप्ताह तक रहे और एटीपी टूर पर 54 युगल खिताब जीते।

पेस ने लगातार सात ओलंपिक खेलों में भाग लिया, जो टेनिस इतिहास में सबसे अधिक है, और वे टेनिस में भारत के एकमात्र ओलंपिक पदक विजेता हैं, जिन्होंने 1996 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में एकल में कांस्य पदक जीता था।

# मलेशिया ने जापान को 5-4 से हराया तालिका में चौथे स्थान पर पहुंचा

**मोकी (चीन)।** मलेशिया ने गुरुवार को हीरो एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में जापान के खिलाफ 5-4 से जीत दर्ज की। सैयद चोलन (12, 40), नोर्स्याफिक सुमंत्रि (21), सियारमन मैट (47) और कमाल अबू अजराई (48) के गोलों की मदद से मलेशिया ने मैच जीत लिया और अंक तालिका में चौथा स्थान हासिल किया। बुधवार को भारत से 1-8 से हारने के बाद पूल तालिका में सबसे निचले स्थान पर मौजूद मलेशिया को सेमीफाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बने रहने के लिए हर हाल में जीतना था।



उन्होंने मैच की शुरूआत मजबूत इरादे से की। जापानी सर्कल में शुरूआती मौकों पर अटैक किया। खेल शुरू होने के कुछ ही सेकंड बाद, मलेशियाई खिलाड़ियों ने गोल पर कई शॉट लगाया। लेकिन जापानी गोलकीपर ने शानदार बचाव किया।

कुछ सेकंड बाद, उन्हें एक पेनल्टी कार्नर मिला, जिसे जापानी टीम के अच्छे रेफरल के बाद वीडियो अंपायर ने पलट दिया।

मलेशिया अंततः 12वें मिनट में जापानी डिफेंस को भेदने में सफल रहा, जब उसने एक पेनल्टी कार्नर हासिल किया।

# ऑस्ट्रेलिया की टी20 टीम में अपनी जगह पक्की करने को बेताब मैथ्यू शॉर्ट

**साउथम्पटन।** इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने दमदार शुरूआत की। टॉप ऑर्डर बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट ने कहा कि वह टी20 टीम में सलामी बल्लेबाज के रूप में अपनी जगह पक्की करने के लिए हर मुमकिन कोशिश करने को तैयार हैं।

मैथ्यू शॉर्ट ने साउथम्पटन में इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के पहले मैच में 26 गेंदों पर 41 रनों की तूफानी पारी खेली और ट्रेविस हेड के साथ 86 रनों की मजबूत साझेदारी की थी। इस पारी में उन्होंने चार चौके और दो छक्के लगाए। इंग्लैंड पर 28 रन की जीत के साथ तीन मैचों की श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया को 1-0 की बढ़त मिली।

शॉर्ट ने संवाददाताओं से कहा, ₹डेविड वॉर्नर के बाहर होने से, आपको पता चल जाता है कि जगह



खाली हो गई है। लेकिन फिर जेक फ्रेजर-मैकगर्क स्कॉटलैंड में पिछले कुछ मैच खेल रहे हैं, इसलिए आपको कभी नहीं पता कि आप की जगह कहां हैं। लेकिन मुझे खुशी है कि मैंने अवसर का लाभ उठाया और टीम को जीत दिलाने में अपनी भूमिका निभाई।

यह मेरा व्यक्तिगत लक्ष्य है। पिछले 12-18 महीनों में मैं टीम से अंदर-बाहर होता रहा हूं। अब वॉर्नर बाहर हैं, मैं वास्तव में इस अवसर का लाभ उठाने और इस टीम में अपनी जगह पक्की करने की कोशिश कर रहा हूं। ऑस्ट्रेलिया के टी20 अंतरराष्ट्रीय ओपनिंग स्लॉट के लिए प्रतिस्पर्धा बहुत अधिक है। मार्कस स्टोइनिस और मैथ्यू वेड जैसे घरेलू टी20 ओपनर फिनिशर बन गए हैं, जबकि युवा बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगर्क भविष्य में इसके सबसे बड़े दावेदार हैं। लेकिन साउथम्प्टन में शॉर्ट की पारी ने यह साफ कर दिया है कि वह ऑस्ट्रेलियाई टी20 टीम में ओपनिंग की भूमिका के लिए भी एक मजबूत दावेदार हैं। ऑस्ट्रेलिया अब इंग्लैंड के खिलाफ अगले दो टी20 मैच खेलने के लिए कार्डिफ और मैनचेस्टर जाएगा।

# हरमनप्रीत के दो गोलों की बदौलत भारत ने कोरिया को 3-1 से हराया

**मोकी (चीन) :** मौजूदा चैंपियन भारत हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में अजेय रहा और उसने गुरुवार को मोकी हॉकी ट्रेनिंग बेस पर कोरिया को 3-1 से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की।

कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने भारत की जीत में दो गोल किए, जबकि अरिजीत सिंह हुंडल ने टीम को शुरूआती बढ़त दिलाई।

सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुके भारत की निगाहें कोरिया के खिलाफ अपने अंतिम लीग चरण के मैच में जीत की लय जारी रखने पर टिकी थीं। मौजूदा चैंपियन ने मैच की शुरूआत में ही अरिजीत सिंह हुंडल के 8वें मिनट में किए गए शानदार गोल से अपनी इस मंशा को जाहिर कर दिया। विवेक सागर प्रसाद द्वारा दिया गया यह एक बेहतरीन क्रॉस पास था जिसे हुंडल ने सर्कल के ऊपर से उठाकर गोल में डाल दिया। अगले ही मिनट में कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पीसी से गोल करके भारत की बढ़त को 2-0 कर दिया। यह हरमनप्रीत का 200वां अंतरराष्ट्रीय गोल था।

कोरिया, जो मेजबान चीन के खिलाफ 3-2 से शानदार जीत दर्ज करके अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया था, भारत को आसानी से जीत नहीं दे सकता था। पहले क्वार्टर में अपनी घबराहट को दूर करने के बाद, कोरिया ने सामरिक रक्षा के साथ वापसी की और भारतीय हमलावरों को गेंद पर कब्जा रखने से रोका।

दूसरे क्वार्टर के आखिरी सात मिनट में, उन्होंने भारत को काउंटर अटैक से



**मैच के हीरो भारत के सूरज करकेरा ने कहा, कोरिया को हराना आसान नहीं है, लेकिन आज हमारा मंत्र अच्छा बचाव करना था।**

परेशान किया और आखिरकार मैच के 30वें मिनट में पीसी हासिल किया। कल चीन के खिलाफ अपनी जीत में गोल करने वाले जिहुन यांग ने शानदार पीसी निष्पादन के साथ भारत की बढ़त को 2-1 तक सीमित कर दिया।

तीसरे क्वार्टर में भारत और कोरिया दोनों ने बराबर पीसी का आदान-प्रदान किया और प्रत्येक ने चार पीसी अर्जित किए। हालांकि, भारत ही एक गोल कर सका, जिसमें हरमनप्रीत ने शानदार ड्रैगफ्लिक के साथ अपनी टीम को 3-1 की मजबूत बढ़त दिलाई। भारत ने इस क्वार्टर में धैर्यपूर्वक खेला और कोरिया से आगे रहने के लिए एक ठोस आक्रमण किया। इस बीच, कृष्ण पाठक ने कोरिया को गोल करने से रोकने के लिए गोलपोस्ट पर अपना दबदबा बनाए रखा।

अंतिम क्वार्टर में भारत ने अच्छा प्रदर्शन किया और गेंद पर अपना दबदबा बनाए रखा और हाफ-प्रेस का सहारा लिया, जिससे संभावित काउंटर अटैक की स्थिति पैदा हो गई। हालांकि कोरिया ने गोल करने के लिए महत्वाकांक्षी प्रयास किए, लेकिन सूरज करकेरा ने गोलपोस्ट में अच्छा प्रदर्शन किया और सुनिश्चित किया कि भारत गोल न खाए। भारत अपने अगले मुकाबले में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगा।

मैच के हीरो भारत के सूरज करकेरा ने कहा, कोरिया को हराना आसान नहीं है, लेकिन आज हमारा मंत्र अच्छा बचाव करना था। दबाव के मामले में, कोई दबाव नहीं है क्योंकि कोच ने हमें अपना खेल खेलने की स्वतंत्रता दी है।

# भारत की आलोचना करने का जवाब आक्रामकता से देना होगा: गावस्कर

**नई दिल्ली।** दिग्गज सलामी बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने कहा है कि भारत की आलोचना करने का जवाब आक्रामकता से देना होगा। उन्होंने हाल ही में जो रूट के टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के तौर पर सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ने की संभावना पर की गई टिप्पणियों का हवाला दिया।

क्लब प्रेयरी फायर पॉडकास्ट के एक एपिसोड में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा था कि यह बस समय की बात है कि रूट टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बनेंगे। साथ ही, उन्होंने कहा कि बीसीसीआई यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगा कि यह रिकॉर्ड किसी भारतीय बल्लेबाज के नाम रहे।

मैं 50 से ज्यादा सालों के अनुभव के आधार पर कह सकता हूँ कि सिर्फ.भारतीय दर्शक ही नहीं हैं जो अपनी टीम के खराब प्रदर्शन पर चुप रहते हैं, बल्कि हर देश में दर्शक चुप रहते हैं। अगर विदेशों में भारत के अच्छा प्रदर्शन करने पर कोई शोर होता है, तो इसकी वजह भारत से लंबी दूरी तय करके आने वाले भारतीय समर्थक हैं, जो स्थानीय लोगों की बजाय भारतीय टीम का उत्साहवर्धन करते हैं।

अगली बार जब कोई टिप्पणीकार या विदेश से मीडियाकर्मी भारत के खराब प्रदर्शन पर भारतीय दर्शकों की चुप्पी के बारे में बात करने की कोशिश



करे, तो हमें उनसे पूछना चाहिए कि उनके समर्थक अपनी टीम का उत्साहवर्धन करने क्यों नहीं आए। भारत की आलोचना करने के इस काम का जवाब आक्रामकता से दिया जाना चाहिए, क्योंकि यही एकमात्र भाषा है जिसे वे समझते हैं।

गावस्कर ने गुरुवार को स्पोर्टस्टार के लिए अपने कॉलम में लिखा, ₹हाल ही में, मैंने किसी को यह कहते हुए सुना कि अगर जो रूट टेस्ट मैच क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन और शतक बनाने के सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ देते हैं, तो यह टेस्ट क्रिकेट के लिए अच्छा होगा। कृपया हमें बताएं कि टेस्ट क्रिकेट में क्या गड़बड़ है, जबकि तेंदुलकर रिकॉर्ड के मालिक हैं और अगर कोई अंग्रेज यह रिकॉर्ड अपने नाम कर लेता है, तो टेस्ट क्रिकेट कैसे बेहतर होगा। यह किस तरह से बेहतर होगा? कृपया हमें बताएं।

उन्होंने इस बात पर भी आश्चर्य व्यक्त किया कि बीसीसीआई को टेस्ट क्रिकेट पसंद नहीं है, जबकि भारत एक साल में बहुत ज्यादा लाल गेंद वाला क्रिकेट खेलता है। किसी अजीब कारण से, विदेशों में यह धारणा बन गई है कि बीसीसीआई को टेस्ट क्रिकेट पसंद नहीं है।

यह एक हास्यास्पद धारणा है, क्योंकि भारत हर सीजन में आधा दर्जन से ज्यादा टेस्ट मैच खेलता है, चाहे वह घर पर हो या बाहर। सिर्फ. इसलिए कि आईपीएल काफी सफल रहा है, इसका मतलब यह नहीं है कि बीसीसीआई टेस्ट क्रिकेट को बढ़ावा देने में दिलचस्पी नहीं रखता है, लेकिन विदेशी मीडिया द्वारा यही कहानी फैलाई जा रही है।

गावस्कर ने यह कहते हुए अपनी बात समाप्त की कि 2025 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल लॉर्ड्स से स्थानांतरित किया जाएगा या नहीं, इस पर हमें इंतजार करना चाहिए।आईसीसी ने अभी घोषणा की है कि डब्लूटीसी फाइनल अगले जून में लॉर्ड्स में खेला जाएगा। वैसे, हमने पहले भी दो बार यही घोषणा सुनी है, लेकिन जैसे ही यह देखा जाता है कि इंग्लैंड फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं करने जा रहा है, तो स्थल बदलकर साउथम्प्टन या लंदन में ओवल कर दिया जाता है।

अब जबकि इंग्लैंड इस अवधि में अधिक टेस्ट मैच जीत रहा है और इस बात की अच्छी संभावना है कि वे फाइनल में पहुंच सकते हैं, हमें बताया जा रहा है कि फाइनल लॉर्ड्स में होगा। आइए इंतजार करें और देखें। जैसा कि पुरानी भारतीय कहावत है, दिल्ली (लॉर्ड्स) अभी भी दूर है।

### ग्रैंड स्लैम चैंपियन रोहन बोपन्ना टेनिस प्रीमियर लीग सीजन 6 में डेब्यू करेंगे

**मुंबई।** टेनिस प्रीमियर लीग का बहुप्रतीक्षित छठा संस्करण आने वाला है, और पूर्व विश्व नंबर 1 रोहन बोपन्ना दिसंबर में मुंबई में होने वाले टूर्नामेंट का हिस्सा होंगे। वर्तमान में, बोपन्ना पुरुष युगल में विश्व नंबर 6 पर हैं। भारत के सबसे मशहूर और लोकप्रिय टेनिस खिलाड़ियों में से एक, बोपन्ना टेनिस प्रीमियर लीग में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं, जिसका उद्देश्य खेल के खेलने के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव लाना है।

**हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण**
**प्रीत विहार, दिल्ली रोड, हापुड़-245101**
वेबसाइट: www.hpdaonline.com, ई-मेल: hpda_1@rediffmail.com

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हापुड-पिलखुवा विकास प्राधिकरण के हापुड विकास क्षेत्र में श्री हर्ष गोयल पुत्र श्री नन्द किशोर गोयल निवासी-269, जवाहरगंज, हापुड द्वारा ग्राम कैली, तहसील व जिला-मेरठ के खसरा सं0 324मि. व 337मि. क्षेत्रफल 7723.13 वर्ग मी0 भूमि पर पर्यटन नीति के अन्तर्गत बजट होटल मानचित्र की स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया गया है। प्रश्नगत स्थल 60 चौडे हापुड से मेरठ को जाने वाले महायोजना मार्ग पर स्थित है। प्रश्नगत स्थल खसरा सं0 324मि. व 337मि. ग्राम कैली तहसील व जिला मेरठ का भू-उपयोग हापुड महायोजना- 2031 के अनुसार 60 मी. महायोजना मार्ग के मध्य से मार्गाधिकार की भूमि छोडने के उपरान्त आंशिक भाग 30 मी. चौडी हरित पट्टी, आंशिक भाग राजमार्ग सुविधाएं तथा शेष कृषि भू-उपयोग है। प्रश्नगत स्थल प्रभावी जोनिंग रेगुलेशन के अनुसार राजमार्ग सुविधाएं भू-उपयोग में बजट होटल विशेष अनुमति से अनुमन्य श्रेणी के अन्तर्गत है अतः पर्यटन नीति के अन्तर्गत बजट होटल का मानचित्र स्वीकृत करने से पूर्व जनता से आपत्ति / सुझाव आमंत्रित किये जाते है कि यदि उक्त के सम्बंध में किसी व्यक्ति विशेष का कोई आपत्ति / सुझाव है, तो प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति / सुझाव प्राधिकरण कार्यालय के प्रवर्तन खण्ड में दर्ज करा सकते है।

**सचिव**
**हापुड़ पिलखुआ विकास प्राधिकरण, हापुड़**

# युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष सचिन डेढ़ा ने किया सदस्यता अभियान का आयोजन







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** लाजपत नगर मंडल में भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा एमएलसी प्रांशु दत्त द्विवेदी व विशिष्ट अतिथि महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा उपस्थित रहे। प्रांशु दत्त ने उपस्थित लोगों से भाजपा की सदस्यता से जुड़ने की अपील की एवं कार्यकर्ताओं से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने के लिए कहा। भाजपा अपने कार्यकर्ताओं के प्रति हमेशा जागरूक रहती है। उनका सम्मान करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पिछले 10 वर्षों में किए गए सारे वादों को पूरा किया है। भविष्य में भी इसी तरह कार्य करेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की, वे इस सदस्यता अभियान में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें और भाजपा की नीतियों को जनता तक पहुंचाएं। महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को सदस्यता अभियान को संगठन के महापर्व के रूप में मनाना है। पार्टी ने लोगों को सदस्य बनाने के लिए चार तरह की व्यवस्थाएं की हैं। इसमें ऑनलाइन, नमो एप, क्यूआर कोड और फॉर्म भरकर सदस्य बनाया जाएगा। युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष सचिन डेढा ने कहा कि डिजिटल सदस्यता के जरिए बड़ी संख्या में लोगों को पार्टी से जोड़ना है। इसमें सभी को पूरी ताकत से लगना होगा। प्रत्येक कार्यकर्ता को घर-घर जाकर आमजन को सदस्य बनाना है। 18 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी नागरिक जो भाजपा के मूल नियमों का पालन करता हो, सदस्यता ले सकता है।

महानगर मीडिया प्रभारी अभिजीत मुखर्जी ने बताया कि भाजपा ने सर्वप्रथम डिजिटल सदस्यता अभियान 2014 में किया था। फिर से राष्ट्रीय स्तर पर संगठन पर्व की घोषणा के साथ हम सभी की सदस्यता शून्य हो चुकी है। गाजियाबाद युवा मोर्चा ने सचिन डेढा के नेतृत्व में संकल्प लेते हुए प्रांशु दत्त द्विवेदी एवं संजीव शर्मा को आश्वस्त किया है कि युवा मोर्चा लगभग गाजियाबाद से 1 लाख नए सदस्य जोड़कर प्रदेश को देगा। इस अवसर पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा सिद्धार्थ युगल, क्षेत्रीय मंत्री काजल त्यागी, महानगर महामंत्री संदीप चौधरी, आशीष चौधरी, अभिजीत मुखर्जी, दीपक शर्मा, पुष्पेंद्र गुप्ता, राहुल मावी, जयकरण यादव, कपिल मावी, रॉबिन भड़ाना, पंकज लड्डू, कृष्ण त्यागी, विपिन मावी आदि युवा मोर्चा के सदस्य उपस्थित रहे।

# नोएडा में पेरेंट्स ने मांगी बच्चों की सुरक्षा की गारंटी

## इसी स्कूल में बच्ची से हुआ था बैड टच प्रिंसिपल को बर्खास्त करने की मांग



**नोएडा।** नोएडा के मॉर्डन स्कूल के जूनियर विंग में बच्ची के साथ बैड टच मामले ने पेरेंट्स की चिंता बढ़ा दी। गुरुवार को स्कूल के जूनियर विंग में पढ़ने वाले बच्चों के पेरेंट्स स्कूल पहुंचे। स्कूल प्रबंधन से उन्होंने बातचीत की और मांग पत्र सुनाया। प्रिंसिपल को बर्खास्त की मांग पर प्रबंधन और अभिभावकों के बीच कहासुनी होने लगी। बीच बचाव के लिए सेक्टर-24 पुलिस को आना पड़ा। इसके बाद प्रबंधन को ज्ञापन देकर पेरेंट्स वापस आ गए।

पेरेंट्स ने कहा कि हम कैसे मान ले कि हमारे बच्चे यहां सुरक्षित है। इसकी क्या गारंटी है। इस बात को लेकर काफी कहा सुनी हुई। वहां खड़े अभिभावकों ने इसका वीडियो बनाया और वायरल कर दिया। बता दें सप्ताह नोएडा के निजी स्कूल में 6 साल की बच्ची के साथ कंस्ट्रक्शन काम में लगे मजदूर ने बैड टच किया था। बच्ची ने इसका विरोध किया था।

वहां से भागते हुए बच्ची ने इसकी जानकारी स्कूल में मौजूद शिक्षकों को दी। सूचना प्रिंसिपल और प्रबंधन तक पहुंची। आरोप है कि स्कूल प्रबंधन ने मामले को दबाने का प्रयास किया। उन्होंने आरोपी को बुलाकर धमकाया और कुछ देर बाद स्कूल से भगा दिया। पिता की शिकायत के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### ये है पेरेंट्स की मांग

- प्रिंसिपल प्रीति शुक्ला को तत्काल बर्खास्त किया जाए।
- स्कूल और बस दोनों में गार्ड की व्यवस्था की जाए।
- स्कूल के प्रत्येक कोने और क्लास रूम में सीसीटीवी कैमरा लगाया जाए।
- कक्षा के कैमरे का लिंक पेरेंट्स को दिया जाए।
- स्कूल में बीच में लगी रेलिंग बहुत छोटी है उन्हें 2 फीट और बढ़ाया जाए। बीच में जाल लगाया जाए।
- स्कूल में अध्यापकों का बर्ताव अभिभावकों के प्रति नर्म रखा जाए।
- री एडमिशन का चार्ज कम किया जाए। फाइन कम किया जाए।
- प्रत्येक बच्चे का एक पेरेंट्स आईडी बनवाया जाए।
- बच्चे के साथ कोई अप्रिय घटना होती है तो स्कूल प्रशासन इसकी जिम्मेदारी ले।

# सीता राम येचुरी का निधन वामपंथी विचारधारा के लिए अपूरणीय क्षति मदन भैया विधायक खतौली



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय लोकदल के खतौली विधायक मदन भैया ने वामपंथी नेता सीताराम येचुरी के निधन पर दुख व्यक्त किया है। सीताराम येचुरी सीने में संक्रमण की समस्या से पिछले 23 दिनों से एम्स में उपचार करा रहे थे। दिवंगत येचुरी ने अपने राजनीतिक जीवन में समान विचारधारा के लोगों से सामंजस्य बनाए रखा।

सीताराम येचुरी वामपंथी विचारधारा के सर्वोपरि नेताओं में शुमार थे। येचुरी जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी से छात्र नेता के रूप में राजनीतिक सफर करते हुए संसद तक वामपंथी विचारधारा को आजीवन बुलंद करते रहे। उनके निधन से देश को अपूरणीय क्षति हुई है और वामपंथी विचारधारा को झटका लगा है, इसे किसी भी हाल में पूरा नहीं किया जा सकता। दुख की इस घड़ी में उनके परिवार के प्रति शोक संवेदनाएं और विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके पार्थिव शरीर को मेरा लाल सलाम।

# केबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने शालीमार गार्डन में गणपति की पूजा-अर्चना





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शालीमार गार्डन के चंद्रशेखर पार्क बी ब्लॉक में उड़ीसा समाज कलिंगा द्वारा गणेश पूजा में पहुंचे केबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने गणपति जी का दर्शन किया तथा महाआरती में शामिल होकर प्रदेश तथा जिले के सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि जनता की खुशहाली के लिए बुद्धि और समृद्धि के देवता भगवान गणेश से प्रार्थना की। इस मौके पर उड़ीसा समाज के सचिव दिलीप त्रिपाठी प्रदीप दास, डीके, बीके राउत, पवन रेड्डी, मनीष गोयल, गौरव पारस नाथ, वीरेंद्र दुबे मनोज शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# अमित प्रताप सिंह को बनाया गया भाजपा राष्ट्रीय कार्यक्रम एवं बैठक विभाग का संयोजक



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी महानगर गाजियाबाद ने भाजपा नेता अमित प्रताप सिंह को भाजपा के राष्ट्रीय कार्यक्रम एवं बैठक विभाग का महानगर संयोजक नियुक्त किया। इसकी घोषणा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने की गई। भाजपा नेता अमित प्रताप पूर्व में भी पार्टी के कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं। अमित प्रताप ने बताया की पार्टी नेतृत्व एवं महानगर अध्यक्ष ने जो जिम्मेदारी उनको प्रदान की है, वह उसको पूरे परिश्रम से पूरा करेंगे और विभाग को श्रेष्ठ विभाग बनाते हुए पार्टी एवं संगठन को मजबूत करेंगे।

# छात्रा से लूट करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के मोदीनगर में छात्रा से मोबाइल लूटने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए बदमाश मौज मस्ती करने के लिए लूट की घटना को अंजाम देते है। पुलिस ने बदमाशों के पास से लूटा गया मोबाइल और बाइक बरामद की है। छात्रा का मोबाइल लेकर हुए थे फरार एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि बीते शनिवार दोपहर 3 बजे के आसपास मेरठ के गांव जौहरा निवासी छात्रा आंकाक्षा कस्बा निवाड़ी से ट्यूशन पढ़कर वापस अपने गांव पैदल ही जा रही थी। जब वह कस्बा निवाड़ी में सालेहनगर मार्ग पर पहुंची तो बाइक सवार दो युवकों ने छात्रा के हाथ से मोबाइल लूट लिया। पुलिस ने सर्विलांस की मदद से लूट करने वाले बदमाशों के पास पहुंच गई। पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में बदमाशों ने अपना नाम अंकुर निवासी जगतपुरी कॉलोनी व सौरभ निवासी हनुमानपुरी कॉलोनी मोदीनगर बताया।




# क्या अब नहीं आएंगी ट्रैफिक वालों की शिकायतें

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में बीते दिनों यातायात पुलिस के सिस्टम को बेस्ट बनाने और स्टाफ की ड्यूटी ऑनलाइन सॉफ्टवेयर के माध्यम से शुरूआत की गई थी। बताया जा रहा है इसके बाद अधिकारियों का दावा है कि इससे विभाग के ऊपर जो करप्शन वाले चार्ज लगते थे, वह खत्म हो जाएंगे। वहीं इन सबके बीच पुलिस विभाग से जुड़े पूर्व अधिकारी सोशल मीडिया पर राय व्यक्त कर रहे हैं कि क्या इस व्यवस्था से अब यातायात पुलिस वालों की जो सार्वजनिक रूप से सोशल मीडिया पर शिकायतें आती हैं, वह आना बंद हो जाएंगी। उधर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के सूत्र बता रहे हैं कि भले इस हाईटेक और बेस्ट वर्जन करार देते हुए कंप्यूटरीकृत ड्यूटी सिस्टम प्रणाली अपनाई गई हो लेकिन इसको लेकर भी कई झोल रहते हैं। बताया जा रहा है कि बीते दिनों इलेक्शन ड्यूटी से लेकर कांवड़ यात्रा वाली ड्यूटी के दौरान भी कंप्यूटरीकृत व्यवस्था के तहत ड्यूटी लगाई गई थी। उस समय मामला संज्ञान में आया था कि पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम गाजियाबाद में कई ऐसे अधिकारियों की भी ड्यूटी लग गई थी जिनकी उसी दिन शादी थी या वह



जिले से रवाना हो चुके थे। वहीं कई तो ऐसे भी थे जो बीमार या बाहर गए हुए थे। अब बड़ा सवाल यह उठता है कि इस लिस्ट जो साफ्टवेयर के जरिये पहली फाइल तो ओके आई है पर आने वाले महीनों में इसकी क्या स्थिति रहेगी, यह देखा जाना अभी बाकी है। उधर ट्रैफिक पुलिस वालों की सोशल मीडिया पर तमाम तरीके की हरकतें और आरोपी के विद प्रूफ वाले मामले आते रहते हैं। देखना होगा उसमें कितनी कमी आती है। वैसे भी पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में जहां तक ड्यूटी पॉइंट्स का सवाल है, तो विभाग वाले इसको लेकर दबी जुबान से कुछ और ही बता रहे हैं, पर इनके साहब लोग क्या आदेश और प्रक्रिया अपनाते हैं यह देखा जाना शेष है। बता दें की पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में बड़ी संख्या में कांस्टेबल, हेड कांस्टेबल के साथ ही टू और थ्री-स्टार की संख्या है, जो प्रमुख आयोजनों से लेकर वीवीआईपी मूवमेंट और अन्य तरह की ड्युटियों को संभालने का काम करते हैं। देखना होगा कि अगर इस व्यवस्था से पुलिस की वर्किंग और उनके व्यवहार व शिकायतों पर कितना असर होगा देखना होगा।

# स्मार्ट सिटी की तर्ज पर इंदिरापुरम काला पत्थर रोड पर लगे सोलर सीसीटीवी





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** स्मार्ट सिटी की तर्ज पर गाजियाबाद को स्मार्ट बनाने की कवायद को अंजाम देना शुरू हो गया है। इंदिरापुरम हाल ही में निगम निगम को हैंडओवर हुआ है। इसके तहत नगर निगम ने स्मार्ट सर्विलांस प्रणाली के तहत काला पत्थर रोड पर 4 सोलर सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं, जिसकी मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम नगर निगम गाजियाबाद करेगा।

इतना ही नहीं चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों का लाइव प्रसारण देखा जा सकेगा। किसी भी आपराधिक वारदात के दौरान पुलिस को जरूरत के आधार पर सीसीटीवी फुटेज शेयर किए जा सकेंगे। नगर निगम 100 वार्डों में 1500 सौ सीसीटीवी कैमरे लगाएगा। नगर निगम इंजीनियर राघवेंद्र ने बताया कि शहर का दायरा बढ़ने के साथ आबादी भी बढ़ गई है।

अब शहर के चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। ये कैमरे आवाज को भी रिकॉर्ड करेंगे। पूरे शहर की गतिविधि इन कैमरों की निगरानी में होगी। अधिकारियों का मानना है कि शहर के चौक- चौराहा और गली-मोहल्लों में होने वाली गतिविधियां कैमरे में कैद हो जाएंगी।

### बिजली नहीं सोलर प्लांट से चलेंगे कैमरे

**करंट क्राइम।** इंजीनियर राघवेंद्र ने बताया कि कैमरों को चलाने के लिए सोलर प्लांट लगाया जा रहा है। गर्मियों के दिनों में अक्सर बिजली चली जाती है, जिस कारण कैमरे बंद हो जाते हैं इसलिए कैमरों को सोलर प्लांट से चलाया जाएगा। इससे 24 घंटे कैमरों को प्लांट से बिजली मिलती रहेगी। उन्होंने कहा कि साहिबाबाद के वजीराबाद रोड, शहीद मोहित मेजर रोड राजेंद्र नगर, लोहिया पार्क रोड, जीटी रोड वसुंधरा में भी सीसीटीवी कैमरे लगे हैं।

# 500 रुपए के विवाद पर चले चाकू, पड़ोसियों में हुआ झगड़ा

## छोटे भाई को बचाने आए बड़े भाई को लगा चाकू, मौत



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद में पड़ोसियों में 500 रुपए को लेकर हुए विवाद में चाकू बाजी हो गई। इस दौरान छोटे भाई को बचाने आए बड़े भाई को चाकू लग गया था। जो गंभीर रूप से घायल हुआ था।

28 अगस्त को यह चाकू बाजी की घटना हुई थी। गुरुवार को घायल की मौत हो गई। लोनी थाना क्षेत्र की इकराम नगर कॉलोनी में रियाजुद्दीन अपने चार भाइयों के साथ रहते हैं। रियाजुद्दीन की बहन रुखसाना ने बताया कि 28 अगस्त को उनके पड़ोसी राशीद और साजिद से उनकी भाभी की 500 रुपए को लेकर विवाद हो गया था। मेहनत की कमाई मांगने पर किया हमला दरअसल रुकसाना की भाभी लोअर प्रेस का काम करती हैं और उनके पैसे बकाया थे। रुखसाना के मुताबिक जब वह पैसे मांगने गई तो राशीद और साजिद ने अपने परिवार वालों के साथ मिलकर उनके साथ बदसलूकी की थी। इसका विरोध करने के लिए जब उनके चारों भाई वहां गए, तो आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया।

रुखसाना का आरोप है कि आरोपी उनके छोटे भाई साजिद को नीचे गिरा के मरने लगे। साजिद को बचाने के लिए उसका बड़ा भाई महराज साजिद के ऊपर लेट गया और इसी दौरान महराज को चाकू मार दिया। महराज को आनन फानन में दिल्ली के गुरु तेग बहादुर अस्पताल भर्ती कराया गया, जहां गुरुवार को उसकी मौत हो गई।

# शराब की दुकान में सेल्समैन की पिटाई

**गाजियाबाद(करंट क्राइम)।** गाजियाबाद में शराब की दुकान में एक शख्स ने सेल्समैन पर हमला कर दिया। जिसका उउळश फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामला कवि नगर क्षेत्र के पॉश इलाके आरडीसी का है। सेल्समैन पर उसके बाद बोतल फेंक के मारता है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। दुकान मालिक ने दी तहरीर कवि नगर एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि कवि नगर में स्थित शराब की दुकान के मालिक की तरफ से एक तहरीर दी गई है। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि कुछ लोग उनकी दुकान पर शराब खरीदने आए। पैसे को लेकर विवाद हुआ। विवाद में आरोपियों ने सेल्समैन के साथ मारपीट और गाली गलौज की। सीसीटीवी फुटेज के जरिए की जा रही पहचान एसीपी कवि नगर के मुताबिक जो तहरीर मिली है। उसके आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। उउळश फुटेज के जरिए आरोपियों को पहचानने की कोशिश की जा रही है।

# हापुड़ में बारिश के चलते मकान ढहा, महिला और दो बच्चे घायल

## अफसर जांच में जुटे, मुआवजे का दिया आश्वासन





**हापुड़।** हापुड़ के थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव लुहारी में पिछले चार दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण एक कच्चे मकान की छत ढह गई। इस हादसे में एक महिला और दो बच्चे घायल हो गए हैं। घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गांव लुहारी निवासी इकरामुद्दीन, जो मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है, के कच्चे मकान की छत भारी बारिश के चलते भरभराकर गिर गई। घटना के समय इकरामुद्दीन की पत्नी मीना और उनके दो बच्चे, फैजान और अफसाना, कमरे में मौजूद थे। छत गिरने से तीनों मलबे की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर गांववासियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर मलबे से घायलों को बाहर निकाला और उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को स्याना के अस्पताल भेजा गया है। हादसे में कमरे में रखा सारा सामान भी बर्बाद हो गया है। ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग की है। पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और उन्होंने घटनास्थल की जांच की। प्रशासन ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने का आश्वासन दिया है और मामले की गंभीरता से पड़ताल करने का वादा किया है।

# रामाकृष्ण इंटरनेशनल ने राधा रानी का महोत्सव धूमधाम से मनाया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल के मेरठ मंडल अध्यक्ष समाजसेवी, चार्मस इंडिया राजनगर एक्सटेंशन के डायरेक्टर अजय सिंगल ने अपने परिवारजनों माताजी, पत्नी अनीता सिंगल तथा राहुल पांडे के साथ वृंदावन के जानकी वल्लभ मंदिर नारायण आश्रम केशव नगर में राधा रानी का अभिषेक मंगल, बधाई गायन, 56 भोग, फूल बंगला आदि कार्यक्रम में हिस्सा लिया। महंत व संत सेवा भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया।

इस मौके पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल के अन्य पदाधिकारी जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता, पंडित अशोक भारतीय, राजीव अग्रवाल, राकेश कुमार झा, सौरभ यादव, मुकेश गुप्ता, आर के गुप्ता, अवनीश गर्ग, एकता गुप्ता आदि भी उपस्थित रहे। राम मंदिर तथा कृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट के अध्यक्ष स्वामी नृत्य गोपाल दास महाराज की अध्यक्षता में राम कमल नयन दास महाराज की पावन गरिमा में उपस्थिति रहे महेंद्र दास महाराज, चेयरमैन, रामाकृष्ण इंटरनेशनल द्वारा आयोजित राधा रानी का महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद सभी ने राधा रानी के जन्म दिवस पर मंदिर में दर्शन किया।

# राहुल गांधी की अमेरिका से लेकर ब्रिटेन तक की यात्राओं पर छिड़ा विवाद

**वाशिंगटन।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी इन दिनों अमेरिका दौरे पर हैं। अमेरिकी दौरे पर कांग्रेस सांसद के आरक्षण, सिखों के मुद्दे पर दिए गए बयानों पर भारत में सियासी संग्राम छिड़ गया है। इसके अलावा भाजपा ने भारत विरोधी अमेरिकी सांसद से राहुल की मुलाकात को लेकर भी हमला किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी कांग्रेस पर पलटवार किया है। इसके अलावा एनडीए के कई नेताओं ने भी राहुल के बयान की तीखी आलोचना की है। हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब राहुल के विदेश दौरों पर विवाद हुआ हो।

## राहुल गांधी कि यात्रा पर क्या विवाद हुआ है?

राहुल ने सोमवार (9 सितंबर) को वर्जीनिया के हर्नडॉन में एक कार्यक्रम में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए भारत में धार्मिक स्वतंत्रता पर बात की। इस दौरान राहुल ने आरोप लगाया कि आरएसएस कुछ धर्मों, भाषाओं और समुदायों को अन्य की तुलना में कमतर मानता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि सबसे पहले आपको यह समझना होगा कि लड़ाई किस बारे में है। लड़ाई राजनीति के बारे में नहीं है। राहुल ने दर्शकों के बीच बैठे एक सिख व्यक्ति से पूछा कि मेरे पगड़ीधारी भाई आपका क्या नाम है। कांग्रेस नेता ने कहा कि लड़ाई इस बात की है कि क्या एक सिख को भारत में पगड़ी या कड़ा पहनने का अधिकार है या नहीं। या एक सिख के रूप में वह गुरुद्वारा जा सकते हैं या नहीं। लड़ाई इसी बात के लिए है और यह सिर्फ उनके लिए ही नहीं, बल्कि सभी धर्मों के लिए है।

बेरोजगारी का मुद्दा उठाते हुए राहुल ने कहा कि इस समस्या का सामना भारत और पश्चिम कर रहे हैं, चीन नहीं। उन्होंने टेक्सास विश्वविद्यालय में कहा, 'पश्चिम में रोजगार की समस्या है। भारत में रोजगार की समस्या है। लेकिन दुनिया के कई देशों में रोजगार की समस्या नहीं है। चीन में निश्चित रूप से रोजगार की समस्या नहीं है। वियतनाम में रोजगार की समस्या नहीं है।'

कांग्रेस सांसद ने दावा किया कि पश्चिम, अमेरिका, यूरोप और भारत ने




उत्पादन के विचार को त्याग दिया है और इसे चीन को सौंप दिया है। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि भारत में कौशल रखने वाले लोगों के लिए सम्मान नहीं है।

इसके अलावा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने रेबर्न हाउस ऑफिस बिल्डिंग में हुई एक बैठक में इल्हान उमर समेत कई अमेरिकी सांसदों के साथ मुलाकात की। अमेरिकी डेमोक्रेट सांसद इल्हान उमर की भारत विरोधी के तौर पर पहचान है। 2022 में इल्हान पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर भी गई थीं। इसके अलावा इल्हान अमेरिका में भारत विरोधी प्रस्ताव लाई थीं।

## भाजपा ने राहुल के बयानों पर क्या कहा?

राहुल गांधी के आरक्षण वाले बयान पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने एक बार फिर कांग्रेस के आरक्षण विरोधी चेहरे को सामने ला दिया है। उन्होंने कहा कि जब तक भाजपा है तब तक न तो कोई आरक्षण खत्म कर सकता है और न ही कोई देश की सुरक्षा से खिलवाड़ कर सकता है।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि आरक्षण को लेकर राहुल का बयान छलावा है क्योंकि सत्ता में रहने पर कांग्रेस इसका विरोध करती है और सत्ता में न रहने पर एससी-एसटी और ओबीसी वर्ग के हित व कल्याण की बातें करती है।

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने राहुल पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके बयानों ने कांग्रेस की मानसिकता को उजागर कर दिया है। चिराग ने कहा, राहुल गांधी जी, आरक्षण खत्म करना तो दूर, इसके बारे में सोचना भी गुनाह है!'

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भरत विरोधी सांसद से राहुल की मुलाकात को लेकर भी हमला किया है। शाह ने कहा, 'देश विरोधी बातें करना और देश को तोड़ने वाली ताकतों के साथ खड़े होना राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की आदत सी बन गई है।

शाह ने कहा कि चाहे जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस के देश विरोधी और आरक्षण विरोधी एजेंडे का समर्थन करना हो, या फिर विदेशी मंचों पर भारत विरोधी बातें करनी हो, राहुल गांधी ने देश की सुरक्षा और भावना को हमेशा आहत किया है।'

## विवाद के बाद राहुल गांधी ने अपने बयान पर दी सफाई

### 'आरक्षण को 50 फीसदी से आगे ले जाएंगे'

राहुल गांधी द्वारा अमेरिका में दिए गए एक बयान की आलोचना हो रही है। जिस पर अब राहुल गांधी ने सफाई दी है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी आरक्षण को 50 प्रतिशत की सीमा से आगे ले जाएगी। राहुल गांधी ने कहा कि 'मेरे बयान को गलत तरीके से पेश किया गया कि मैं आरक्षण के खिलाफ हूं, लेकिन मैं ये साफ कर देना चाहता हूं कि- मैं आरक्षण के खिलाफ नहीं हूं। हम आरक्षण को 50 फीसदी की सीमा से आगे लेकर जाएंगे।'

**राहुल गांधी के इस बयान पर हुआ था विवाद :** दरअसल राहुल गांधी ने कल वॉशिंगटन डीसी में जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान एक बयान दिया था, जिस पर विवाद हो गया था। अपने बयान में राहुल गांधी ने कहा था कि 'जब भारत एक निष्पक्ष जगह बन जाएगा तो कांग्रेस आरक्षण खत्म करने पर विचार करेगी। राहुल गांधी ने कहा कि भारत अभी निष्पक्ष जगह नहीं है। भारत में 90 फीसदी आबादी दलित, पिछड़ों और आदिवासियों की है, जो खेल में शामिल ही नहीं हैं।' राहुल गांधी ने कहा कि 'जातीय जनगणना ये जानने का प्रयास है कि निचली, पिछड़ी जातियों और दलितों को व्यवस्था में कैसे एकीकृत किया जाएगा। भारत के 200 व्यवसायों में से, देश की 90 फीसदी आबादी का कोई स्वामित्व नहीं है। शीर्ष अदालतों में भी इनकी कोई भागीदारी नहीं है। मीडिया में भी निचली जातियों की कोई भागीदारी नहीं है।' राहुल गांधी ने जातीय जनगणना के पीछे की वजह बताते हुए कहा कि 'हम ये समझना चाहते हैं कि पिछड़ों और दलितों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति कैसी है..हम भारतीय संस्थानों को भी देखना चाहते हैं ताकि इन संस्थानों में भारत की भागीदारी का अंदाजा लगाया जा सके।'

**भाजपा ने राहुल गांधी के बयान पर साधा था निशाना :** राहुल गांधी के इस बयान पर विवाद हो गया। भाजपा ने राहुल गांधी पर विदेश में राष्ट्र विरोधी टिप्पणी करने का आरोप लगाया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि 'राहुल गांधी का बयान क्षेत्रवाद, धर्म और भाषाई मतभेदों के आधार पर दरार पैदा करने की कांग्रेस की राजनीति उजागर करता है।'

# पाकिस्तान: स्पीकर ने निलंबित किए सुरक्षा अधिकारी विपक्षी सांसदों को संसद में घुसकर किया था गिरफ्तार

## सरकार के सहयोगी दलों ने भी जताई नाराजगी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की नेशनल असेंबली (एनए) के स्पीकर अयाज सादिक ने बुधवार को पांच सुरक्षा अधिकारियों को निलंबित किया। यह कार्रवाई संसद भवन से विपक्षी सांसदों की गिरफ्तारी के मामले में की गई गई है। ये सांसद जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी से जुड़े हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, कुछ सुरक्षा अधिकारियों जो सादा कपड़े पहने हुए थे, उन्होंने संसद भवन में घुसकर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के सांसदों को गिरफ्तार किया। इनमें पीटीआई के अध्यक्ष गौहर अली खान भी शामिल थे। इस कार्रवाई पर केवल विपक्ष ही नहीं, बल्कि सरकार की सहयोगी पार्टियों ने भी नाराजगी जताई। इसके बाद सादिक ने यह कार्रवाई की। सादिक पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी के नेता हैं।



सरकार में सहयोगी पार्टियां पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम) ने विपक्षी ने विपक्षी सांसदों की गिरफ्तारी पर नाराजगी जताई और चेतावनी दी कि इससे तनाव और बढ़ सकता है।

सादिक ने इस घटना के बाद घोषणा की थी कि वह जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, जरूरी जांच के बाद स्पीकर सादिक ने कार्रवाई की। सुरक्षा अधिकारियों मुहम्मद इशफाक अशरफ, वकास अहमद औरत तीन अन्य कनिष्ठ सुरक्षा सहायक उबैदुल्लाह, वाहिद सफदर और मुहम्मद हारून को 120 दिनों के लिए निलंबित किया गया है। निलंबन

## सुरक्षा अधिकारी 120 दिनों के लिए निलंबित

के दौरान उन्हें नियमों के अनुसार वेतन और भत्ते मिलेंगे।

**पीटीआई नेताओं और पुलिस में हुई थी झड़प :** पीटीआई के नेताओं ने रविवार को इस्लामाबाद के बाहरी इलाकों में रैली की। जिसमें उन्होंने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री खान की रिहाई की मांग की और सड़कों प विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी। रैली के दौरान पीटीआई के कुछ नेताओं और पुलिस के बीच झड़प हुई। जिसके चलते कई पुलिसकर्मी घायल हुए।

**रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं इमरान खान :** इमरान खान पर कई कानूनी मामले चल रहे हैं और वह बीते एक साल से रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। खान को पिछले साल पांच अगस्त को तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद गिरफ्तार किया गया था।

# स्विट्जरलैंड के दौरे पर पहुंचे विदेश मंत्री एस. जयशंकर जेनेवा में महात्मा गांधी को अर्पित की श्रद्धांजलि

**स्विट्जरलैंड।** जर्मनी और सऊदी अरब की अपनी यात्रा समाप्त करने के बाद स्विट्जरलैंड पहुंचे भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपने दौरे की शुरूआत महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देकर की। वहीं सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में, विदेश मंत्री ने कहा, महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देकर अपनी जेनेवा यात्रा की शुरूआत की।

बता दें कि अपनी जेनेवा यात्रा के दौरान, जयशंकर स्विस विदेश मंत्री से मुलाकात करेंगे और दोनों देशों के बीच घनिष्ठ साझेदारी की समीक्षा करेंगे और द्विपक्षीय संबंधों को और बढ़ाने के रास्ते भी तलाशेंगे। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने पहले एक बयान में कहा, जेनेवा बड़ी संख्या में संयुक्त राष्ट्र निकायों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों का घर है। इस यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री उन अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों और प्रतिनिधियों से मिलेंगे जिनके साथ भारत सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है।

**जर्मन चांसलर से भी मिले थे विदेश मंत्री :** इससे पहले बुधवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बर्लिन में



जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज से मुलाकात की और उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से व्यक्तिगत शुभकामनाएं दीं। वहीं शोल्ज से अपनी मुलाकात के बारे में एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए जयशंकर ने लिखा, आज बर्लिन में चांसलर ओलाफ शोल्ज से मिलकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। प्रधानमंत्री मोदी की ओर से व्यक्तिगत शुभकामनाएं दी।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा, 7वें अंतर-सरकारी परामर्श के लिए उनकी भारत यात्रा का बेसब्री से इंतजार है। इस दौरान विदेश मंत्री जयशंकर ने जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस से भी मुलाकात की और सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा की। एक्स पर अपनी मुलाकात के बारे में विवरण साझा करते हुए उन्होंने कहा, जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस के साथ एक उपयोगी बैठक की, इस दौरान सुरक्षा मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया और रक्षा संबंधों में प्रगति की सराहना करता हूं।

**जर्मन विदेश मंत्री से मिले थे एस. जयशंकर :** वहीं अपनी यात्रा के दौरान एस. जयशंकर ने अपनी जर्मन समकक्ष एनालेना बारबॉक से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण पहलुओं की समीक्षा की, विशेष रूप से अक्टूबर 2024 में नई दिल्ली में आगामी 7वें भारत-जर्मनी अंतर-सरकारी परामर्श की नींव रखने के उद्देश्य से।

# बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की तबीयत बिगड़ी? अस्पताल में भर्ती कराया गया

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को गुरुवार एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। 79 वर्षीय बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष अपने आवास गुल्शन से रात के 1:40 बजे एवरकेयर अस्पताल पहुंचीं। बीएनपी मीडिया सेल के सदस्य सायरुल कबीर खान ने इसकी जानकारी दी। उनके फिजिशियन प्रोफेसर एजेडएम जाहिद हुसैन ने बताया कि मेडिकल बोर्ड ने उन्हें कुछ टेस्ट कराने को कहा है। अस्पताल में भर्ती होने के बाद उन्हें प्राइवेट केबिन में रखा गया है।

फिजिशियन ने कहा, टेस्ट के नतीजों की समीक्षा के बाद उनके उपचार के लिए तारीख निर्धारित की जाएगी। 21 अगस्त को खालिदा जिया 45 दिनों के इलाज के बाद घर लौट



आई थीं। बता दें कि पिछले पांच वर्षों से बांग्लादेश की पूर्व पीएम नजरबंद थीं। इस साल छह अगस्त को राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन के आदेश के बाद उन्हें मुक्त कर दिया गया। पांच अगस्त को शेख हसीना के नेतृत्व वाली आवामी लीग के पतन के बाद जिया को उनके खिलाफ सभी आरोपों से मुक्त कर दिया गया।

बीएनपी प्रमुख लंबे समय से विभिन्न बीमारियों से जूझ रही हैं, जिसमें लिवर सिरोसिस, अर्थराइटिस, मधुमेह, और समस्याएं शामिल हैं। 23 जून को उनके चेस्ट में पेसमेकर लगाया गया था। 2021 में लीवर सिरोसिस का पता लगने के बाद से उनके डॉक्टर उन्हें विदेश भेजने की सिफारिश कर रहे हैं।

# भारत को 4.8 अरब में एंटी सबमरीन वॉरफेयर सोनोवॉयस बेचेगा अमेरिका, बढ़ेगी ताकत

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने भारत को 52.8 मिलियन अमेरिकी डॉलर की हाई एल्टीट्यूड एंटी सबमरीन वॉरफेयर सोनोवॉय बेचने का फैसला किया। यह एक ऐसा कदम है जहां एंटी सबमरीन वॉरफेयर ऑपरेशन में भारत की क्षमता को बढ़ाएगा। सोनोबॉय एयर-लॉन्च, एक्सपेंडेबल, इलेक्ट्रो-मैकेनिकल सेंसर हैं, जिसे पानी के नीचे की आवाज को रिमोट प्रोसेसर तक रिले करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह एंटी सबमरीन प्रभावी और किफायती हैं। इससे चुनौतियों को पार करने के लिए ताकत बढ़ेगी।

रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी ने अमेरिका के इस फैसले पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, ₹इस बिक्री से भारत टल्र-60फ हेलीकॉप्टरों से एंटी सबमरीन वॉरफेयर ऑपरेशन की क्षमता को बढ़ा सकता है। इसके साथ ही वर्तमान और भविष्य में चुनौतियों को पार करने के लिए ताकत बढ़ेगी। भारत को अपने सशस्त्र बलों में इस उपकरण को शामिल करने में कोई कठिनाई नहीं होगी।₹ आर्म्स एक्सपोर्ट कंट्रोल एक्ट के तहत अमेरिका के पास इस बिक्री की समीक्षा के लिए 30 दिन का समय है।

अधिसूचना में कहा गया, ₹यह बिक्री अमेरिका-भारत रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने में मदद करेगा। इससे सुरक्षा नीति में सुधार होगा, जो भारत-प्रशांत और दक्षिण एशिया क्षेत्रों में राजनीतिक स्थिरता, शांति और आर्थिक प्रगति के लिए एक महत्वपूर्ण ताकत बना हुआ है।₹ अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन 23 अगस्त को52.8 मिलियन अमेरिकी डॉलर की अनुमानित लागत पर भारत को एंटी वॉरफेयर सोनोबॉय की बिक्री को मंजूरी दे दी थी।

**चीन पर कसी जा सकेगी नकेल**

चीन हाल ही में अपने सबसे आधुनिक सबमरीन को लॉन्च किया है। इसे पीपल्स लिबरेशन आर्मी नेवी की अंडरवाटर फ्लीट में शामिल किया गया है। चीन की नौसेना के पास 48 डीजल इलेक्ट्रिक सबमरीन हैं। चीन पर हिंद महासागर और हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में सबमरीन की मदद से जासूसी करने के आरोप लगते रहे हैं। यही वजह है कि भारत अमेरिका के बीच हुए इस एंटी सबमरीन समझौते से चीन की साजिशों पर कुछ हद तक नकेल कसी जा सकेगी।



# रूस-यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए भारत ने शुरू की कोशिशें

## सेंट पीट्सबर्ग में रूसी एनएसए से मिले अजीत डोभाल

**सेंट पीट्सबर्ग।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने सेंट पीटर्सबर्ग में अपने रूसी समकक्ष सर्गेई शोइगु से मुलाकात की। दोनों शीर्ष अधिकारियों की बैठक में यूक्रेन संघर्ष का समाधान खोजने में भारत की संभावित भूमिका और 'पारस्परिक हितों' के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। बुधवार शाम को डोभाल-शोइगु की बैठक ब्रिक्स (ब्राजील-रूस-भारत-चीन-दक्षिण अफ्रीका) देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के सम्मेलन के दौरान हुई।

### रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर हुई बातचीत

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 23 अगस्त को कीव में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातचीत को लेकर भी दोनों एनएसए के बीच बातचीत हुई। रूस में भारतीय दूतावास ने डोभाल और शोइगु की मुलाकात पर कहा कि दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति की समीक्षा की और पारस्परिक हितों के अहम मुद्दों पर चर्चा की।

गौरतलब है कि अजीत डोभाल की रूस यात्रा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूक्रेन यात्रा के ढाई सप्ताह बाद हो रही है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के साथ अपनी मुलाकात में प्रधानमंत्री मोदी ने रूस यूक्रेन युद्ध तुरंत समाप्त करने की अपील की थी और कहा था कि भारत क्षेत्र में शांति बहाली के लिए सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार है। वहीं पिछले दिनों एक कार्यक्रम के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भी अपने बयान में कहा था कि रूस-यूक्रेन युद्ध की समाप्ति के लिए वह भारत, चीन और ब्राजील की मध्यस्थता को स्वीकार कर सकते हैं।

**रूस और यूक्रेन दोनों देश भारत की मध्यस्थता के लिए तैयार**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर कहा कि भारत संघर्ष की शुरूआत से ही शांति के पक्ष में रहा है और वह इस संकट के शांतिपूर्ण समाधान के लिए व्यक्तिगत रूप से भी योगदान देना चाहेंगे। शनिवार को, इतालवी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने जेलेंस्की के साथ अपनी वार्ता के बाद कहा कि भारत और चीन इस संघर्ष का समाधान खोजने में भूमिका निभा सकते हैं।

# गाजा में तुरंत युद्धविराम चाहता है हमास!

**गाजा।** बीते 11 महीने से चल रहे इस्त्राइस हमास युद्ध में अब युद्धविराम की कोशिशें चल रही हैं। अभी तक अपनी शर्तों पर अड़ा हमास भी अब गाजा में तुरंत युद्धविराम चाहता है। हमास ने बुधवार को एक बयान जारी कर कहा कि वह इस्त्राइल के साथ गाजा में तुरंत युद्धविराम के लिए तैयार हैं। हमास ने कहा कि वह अमेरिका के पूर्व के प्रस्ताव पर युद्धविराम के लिए तैयार हैं, लेकिन अब कोई नई शर्त नहीं होनी चाहिए।



हमास ने बयान में बताया कि उसकी तरफ से युद्धविराम के मुद्दे पर बातचीत कर रहे इसके वरिष्ठ अधिकारी खलील अल हय्या ने बुधवार को कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलर रहमान अल थानी और मिस्त्र की खुफिया एजेंसी के प्रमुख अब्बास कामेल से दोहा में युद्धविराम के मुद्दे पर चर्चा की। अमेरिका की तरफ से सीआईए के प्रमुख विलियम्स बर्न्स अमेरिका का पक्ष रख रहे हैं। माना जा रहा है कि आने वाले कुछ दिनों में युद्धविराम को लेकर सहमति बन सकती है। हालांकि अभी तक कोई आम सहमति नहीं बन पाई है और फिलाडेल्फिया कॉरिडोर के मुद्दे पर बात अटकी हुई है।

# बिजली कटौती के कारण ठप हुई चीन की डिजिटल व्यवस्था स्थानीय लोगों के पास ब्रेड खरीदने के लिए भी नकदी नहीं

**बीजिंग।** यागी तूफान ने वियतनाम और चीन में तबाही मचा दी, जिसका असर आज भी दिख रहा है। छह सितंबर को यह तूफान चीन के हैनान प्रांत से टकराया था। यागी तूफान के कारण क्षेत्र में भारी बारिश हुई, जिससे आम जनजीवन काफी ज्यादा प्रभावित हुआ। इस तूफान ने चीन जो भारी तबाही मचाई, उसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि तूफान के कारण उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, जिसमें बिजली कटौती भी शामिल है। इस दौरान लोगों ने कैशलेस समाज में रहने की चुनौतियों का अनुभव साझा किया। बिजली कटौती के कारण लोग अपना मोबाइल उपकरण चार्ज नहीं कर पा रहे थे, जिससे उन्हें लेनदेन में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।



**चार्जिंग स्टेशन पर लोगों की भीड़ :** सोशल मीडिया पर जारी एक वीडियो में देखा गया कि मोबाइल फोन जैसे उपकरण चार्ज करने के लिए चार्जिंग स्टेशन पर भीड़ लगी है। यहां एक विक्रेता ने लोगों को फोन चार्ज करने के लिए एक इंजन-संचालित प्रणाली स्थापित की है। वीडियो के कैप्शन में लोगों की परेशानियों का जिक्र किया गया। कैपिशन में कहा गया, तूफान के बाद पानी और बिजली काट दी गई। लोग मोबाइल उपकरण चार्ज करने के लिए परेशान हैं, क्योंकि उनका सारा पैसा मोबाइल वॉलेट में जमा होता है। बिना फोन के आप रोटी भी नहीं खरीद सकते।

**कैशलेश समाज की कमजोरियों के बारे में चर्चा शुरू :** वीडियो के वायरल होने के बाद संकट के समय में पूरी तरह से कैशलेस समाज की संभावित कमजोरियों के बारे में बातचीत शुरू हो गई। वहीं एक अन्य वीडियो में इलेक्ट्रिक वाहनों पर निर्भरता को लेकर भी चिंता जताई गई। लोग चार्जिंग स्टेशनों में अपने वाहनों को लेकर पहुंच रहे हैं।

पोस्ट में बताया गया कि केवल 550 या उससे अधिक के सोशल क्रेडिट स्कोर वाले लोग ही चीन के प्राथमिक डिजिटल वॉलेट का इस्तेमाल करके रिचार्ज कर सकते हैं। वीडियो में चीन की डिजिटल अर्थव्यवस्था के अन्य पहलू पर भी प्रकाश डाला गया है, जिसमें यूजर्स को अपना पैसा एक्सपायरी डेट से पहले खर्च करना होता है। सोशल क्रेडिट स्कोर के आधार पर अकाउंट फ्रीज किए जाते हैं।




# बेहतर शिक्षा है भाजपा सरकार का ध्येय : सुरेश कुमार कश्यप





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनपद बुलंदशहर के ग्राम कौन्दू में अटल आवासीय विद्यालय में आयोजित शैक्षिक सत्र 2024-25 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार के रूप में चॉकलेट वितरण किया गया। सुरेश कुमार कश्यप ने बताया कि बेहतर शिक्षा के लिए मुख्यमंत्री ने अटल आवासीय विद्यालय का उद्घाटन किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अटल आवासीय विद्यालय के नए शैक्षिक सत्र का शुभारंभ किया। उन्होंने लखनऊ में पहले अटल आवासीय विद्यालय का उद्घाटन किया। यह विद्यालय मोहनलालगंज के सिठौली कला गांव में बनाया गया है। उद्घाटन से पहले उन्होंने विद्यालय परिसर में छात्रों द्वारा लगाई प्रदर्शनी देखी और एक छात्रा की बुकलेट पर हस्ताक्षर भी किए। सीएम योगी ने सभी 18 मंडलों में एक साथ शैक्षणिक सत्र 2024-25 का शुभारंभ भी किया। इस अवसर पर सीएम योगी ने इन विद्यालयों के मेधावी छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए। नए प्रवेश लेने वाले छात्रों को स्कूल बैग वितरित किया। कॉपी-कलम सहित कई तरह के गिफ्ट बच्चों को बांटे गए। सीएम योगी ने स्कूल के छात्रों की प्रदर्शनी देखी और प्रतिभा की तारीफ की। इस अवसर पर जनपद बुलंदशहर के ग्राम कौन्दू में स्थित अटल आवासीय विद्यालय में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया, जहां अधिकारी और छात्राओं ने लाइव देखा। कार्यक्रम के बाद सुरेश कुमार कश्यप पहुंचे मृतक रामवीर कश्यप पूर्व प्रधान के आवास निवास पर बुलंदशहर गांव ढक नगला शिकारपुर में स्वर्गीय रामवीर कश्यप पूर्व प्रधान की निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई थी। जिनके आवास पर जाकर सुरेश कुमार कश्यप ने भेंट की और परिजनों से मिलकर उनका हर संभव मदद का भरोसा दिया। साथ में ग्राम प्रधान ननवा कश्यप, प्रधान गजराज कश्यप, देशपाल कश्यप, अनिल कश्यप, संजय जाटव आदि उपस्थित रहे।

### प्रदेश के 18 मंडलों में हुई शुरुआत

**करंट क्राइम।** सीएम योगी ने उद्घाटन के बाद कहा कि प्रदेश के 18 मंडलीय मुख्यालयों में अटल आवासीय विद्यालयों को संचालित किया जा रहा है। इसमें मेरठ, मिर्जापुर, वाराणसी, गोरखपुर, बांदा, आजमगढ़ सहित 18 मंडल शामिल हैं। सीएम योगी ने कहा कि व्यक्ति हो या समाज, बिना शिक्षा के सशक्त परिवार, राज्य या राष्ट्र की परिकल्पना साकार नहीं हो सकती। जब समाज शिक्षित होगा। समाज के हर तबके के बच्चे को उसकी जाति, धर्म पूछे बिना उसका अधिकार मिलेगा, तब हम सही मायने में सशक्त होंगे। यह अटल आवासीय विद्यालय शिक्षा के मॉडल के रूप में आपके सामने पेश किया गया है। मैंने क्लासरूम में बच्चों के साथ इंटरेक्शन किया था। इनकी क्या प्रतिभा है। प्रतिभा कोई जाति या धर्म नहीं देखती।

# नेहरू नगर-3 में महापौर ने घर-घर जाकर बनाए भाजपा के सदस्य

## युवा पीढ़ी में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम का उत्साह : महापौर




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा ने पूरे देश में सदस्यता अभियान चला रखा है जिसमें मिस कॉल से शहर के लोगों को सदस्य बनाया गया है। इसी क्रम में महापौर सुनीता दयाल ने भी बूथ संख्या 496, ए ब्लॉक, नेहरू नगर-3 में मण्डल की टीम के साथ घर-घर जाकर भाजपा के हजारों सदस्य बनाए। महापौर ने क्षेत्र से सभी कार्यालयों, कोचिंग सेंटर, आवासों आदि में जाकर सभी को सदस्य बनाया है। महापौर सुनीता दयाल घर-घर जाकर सभी से मिलीं, उनको बताया कि आपको भाजपा का सदस्य बनाने के लिए हम आये हैं। आपके फोन से मिस कॉल के माध्यम से आपको पार्टी का सदस्य बनाया जाएगा। महापौर सदस्य बनाने कोचिंग सेंटर पहुंचीं, उन्होंने बताया कि जिनके पास फोन है उनको प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के आह्वान पर भाजपा का सदस्य बनाया जाएगा तो बच्चे बहुत हर्षित हो गए और उत्साह के साथ सभी सदस्य बने। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष दयानंद बंसल, मण्डल महामंत्री राहुल, शक्ति केंद्र संयोजक भर सिंह कोरी, राजेश चौहान आदि मौजूद रहे।

# स्वर्गवासी पार्षदों के नाम से हो सड़क या पार्क का नामकरण

## मौ. जाकिर अली सैफी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम के पूर्व पार्षद मौ. जाकिर अली सैफी ने महापौर सुनीता दयाल एवं नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक को लिखा पत्र। उन्होंने कहा कि वार्ड सं. 19 की पार्षद उर्मिला चौहान बाल्मीकि और वार्ड सं. 21 के पार्षद आनन्द गौतम स्वर्ग सिधार गए हैं। पार्षदों के परिवार, समाज और निगम सदन के लिए यह एक अपूरणीय क्षति है। दोनों ही पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्र में अमूल्य योगदान दिया है। दोनों ही पार्षदों ने जनता की दिलोजान से सेवा की है। पार्षदों की ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और लगन को ध्यान में रखते हुए आपसे अनुरोध है कि इनके नाम से पार्क या सड़क का नामकरण किया जाए ताकि यह लोग सदा-सदा के लिए जनता के दिलों में स्थान पर सकें, यही इन ईमानदार पार्षदों के लिए निगम की सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# अवैध निर्माण पर सतत निगरानी के लिए गुंजा सिंह ने जोन-8 का किया निरीक्षण




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उपाध्यक्ष के निर्देशानुसार उप्र नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 के अन्तर्गत अवैध निर्माण पर सतत निगरानी हेतु प्रवर्तन जोन-8 की प्रभारी गुंजा सिंह ने गुरुवार को जोन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना लोनी एवं ट्रोनिका सिटी के क्षेत्रान्तर्गत राशिद अली गेट से निठोरा रोड, सबलूगढ़ी रोड, पावी रोड, घिटौरा रोड गाजियाबाद पर पूर्व में की गई प्लाटिंग/अवैध कालोनी के 04 साईट ऑफिस, सड़क, खड़ंजा, बाउण्ड्रीवॉल को विधिवत ध्वस्त किया गया। उक्त कार्यवाही के दौरान प्रभारी प्रवर्तन जोन-8, सहायक अभियंता, अवर अभियंता तथा सुपरवाइजर स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल एवं क्षेत्रीय पुलिस बल उपस्थित थे। निर्देशित किया गया कि सतत निगरानी रखते हुए यह सुनिश्चित किया जाये कि उक्त अतिक्रमण पुनः न होने पाये। उक्त अवैध निर्माण पुनः न होने पाये। प्राधिकरण द्वारा लगातार अवैध निर्माण/विकास कार्य के विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाहियां जारी रहेंगी। तदक्रम में निर्माणकर्ताओं/विकासकर्ताओं को निर्देशित किया जाता है कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत भूमि पर विधिवत मानचित्र स्वीकृत के अनुसार ही निर्माण किया जाये। इसके साथ ही आम जनमानस को भी सूचित किया जाता है कि किसी भी वादग्रस्त/विवादित निर्माण में सम्पत्ति का क्रय-विक्रय न करें।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम कार्यकारिणी के पूर्व उपाध्यक्ष अनिल स्वामी ने अपने छोटे पौत्र वृषाण का हैप्पी बर्थडे बेहद सादगी और पारिवारिक माहौल में सेलिब्रेट किया। दादा ने पोते की जन्मदिन की खुशी को फेसबुक पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# नोएडा में लहराए गए हथियार, 6 युवकों ने दिखाया भौकाल

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में हथियार लहराए गए हैं। 6 युवकों ने एक घर की छत से हथियार लहराते हुए दबंगई दिखाई। इसका वीडियो सामने आया है। सोशल मीडिया पर यूजर्स ने नोएडा पुलिस को टैग करते हुए कार्रवाई की मांग की है। मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस टीम एक्टिव है। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। वीडियो नोएडा का बताया जा रहा है और जो युवक हाथ में हथियार लिए हैं, वह होशियारपुर और सरफाबाद गांव के बताए जा रहे हैं। अगर वीडियो नोएडा का होता है, तो युवकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। बुधवार को इंस्टाग्राम समेत सोशल मीडिया के अन्य प्लेटफॉर्म पर 16 सेकेंड का एक वीडियो वायरल हुआ। वीडियो के पहले भाग में कुछ युवक कुर्सी पर बैठे हैं। दूसरे भाग में छह युवक छत पर खड़े हैं। इनमें से तीन युवकों के हाथ में हथियार है।

YASHODA
HOSPITAL & RESEARCH CENTRE
Nehru Nagar, Ghaziabad, Uttar Pradesh - 201001

NOTICE FOR DISPOSAL OF MEDICAL RECORDS OLDER THAN 30.06.2019

Notice is hereby given that Yashoda Hospital & Research Centre Nehru Nagar, Ghaziabad proposes to dispose of all the Medical records of all patients who have not visited the hospital on or after 30.06.2019. A copy of concerned patients Medical Records will be furnished to any patient / next to kin / legal representative on written request addressed to Medical Superintendent, Yashoda Hospital & Research Centre Nehru Nagar, Ghaziabad within 30 days of publication of this notice. Hospital will not accept any request thereafter as all records up to 30th Jun, 2019 would have been destroyed.

Medical Record Department, Yashoda Hospital & Research Centre, Nehru Nagar, Gzb, U.P

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि ई रिक्शा वाले सीन का साइकिल वाले युवा पंडित ने खींचा था नक्शा? कहे कोई कुछ भी मगर उन्ही के धनुष से निकली थी पहली टंकार? एक बार फिर साइकिल वाले ने कर दिया ई रिक्शा वालो का उद्धार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इसलिए हमें भगवा कमांडर के प्रिय क्रांतिकारी त्यागी जी के तेवर लगते हैं खास ? वो जिस बात को कहते हैं, उस पर पूरा अमल करते हैं साहब ? हाल ही में उनकी हुई है उनकी वॉइस रिकॉर्डिंग लीक ? इस रिकॉर्डिंग में लिया है उन्होंने जमकर ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधी को निशाने पर ? जब किसी किया उनसे रिकॉर्डिंग की आवाज को लेकर सवाल ? उन्होंने कहा ये हमारी ही आवाज है ? हम खुद करते हैं इस बात की तस्दीक ? जो हमने कहा है वही है ठीक ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा सोलंकी भईया है बहुत ज्यादा वहमी ? हम फिलहाल उनकी दूर करना चाते हैं गलतफहमी ? शायद उन्हें है इस बात का आभास ? कमांडर की नहीं हुई थी कमिश्नर से मुलाकात ? हम उनके ख्यालों को नहीं मान रहे हैं फाइन ? हम उन्हें बताना चाते हैं कि कमिश्नर ने भरपूर दिया था कमांडर को टाइम ? इसलिए वो अपनी गलतफहमी कर ले दूर ? हमारी इतनी सी सलाह है उनको हुजूर ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मेरा आप उस दावेदार तक पहुँचा दे पैगाम ? जो दावेदारी में टॉप पर मान कर चल रहे हैं अपना नाम ? समय बढ़ने के साथ अभी उनका नाम और भी जादा पकड़ेगा जोर ? मगर जैसे ही आएगी बसंत की बेला? वैसे ही कर जाएगा उनको इग्नोर ? कहने वाले ने कहा, तैयार हो गया है इस बारे में पूरा प्लान ? दे दें फिलहाल वो हमारे इस सवाल पर गंभीरता से ध्यान ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं दावेदारों तक पहुँचाना चाहता हूँ एक पैगाम ? वो भगवागढ़ के एक बड़े वेश्य जनप्रतिनिधि के पास बिलकुल भी लेकर ना जाएं अपना नाम ? हमें पता है, उन्हें वहां से नहीं मिलेगा कोई भी सहयोग ? वैश्य जनप्रतिनिधि ने तैयार किया हुआ है सिर्फ पंजाबी चहरे के लिए अपना योग ? खुलकर कर रहे हैं वो इस चहरे की दावेदारी ? इसलिए बेकार हो जाएगी बाकी दावेदारों की सहयोग माँगने वाली अदाकारी ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब से प्रबुद्ध वाले भईया हुए हैं भाजपाई ? तब से उनकी सक्रियता पहले जैसी नहीं देती है दिखाई ? साइकल से उतरकर भले ही उन्होंने ओड लिया हो भगवा ? मगर अब पहले जैसी नहीं दिखाई देती है उनके शब्दों में आग ? भगवा होने के बाद भी वो नहीं दिखा रहे हैं भगवा होने का एहसास ?क्या उनका दिल आज भी है भैया जी के ही आसपास ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि सदरपुर वाले सचिन भईया की भावनाएं आ गई हैं विधायक जी के साथ ? हमें लग रहा है आने वाले निगम चुनावों में नई मोहब्बत के दिखेंगे हालात ? हमने देखा, जब भी कोई आता है पर्व ? तब विधायक जी के फोटो अपने होडिंग पर लगा कर सचिन भईया देते हैं बड़ा वाला पैगाम ? कराते हैं सामने वालो को एहसास कि हमारा जुड़ गया है विधायक जी से नाम ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपको एक बात बताना चाहता हूँ स्पष्ट ? इस बार मिस्टर भारद्वाज और डॉली दीदी नहीं उठाना चाहते हैं चुनाव लड़ने का कष्ट ? कांग्रेस कोंगरेस के प्रमुख संगठन वालों ने उन से की है इस विषय पर कई बार बात ? सामने से सिर्फ आ रही है ना मे आवाज ? वहां से हो रही है 2027 की तैयारी ? इसलिए हमें तो सुशांत भाईया का पलड़ा लग रहा है भारी ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि पुरुष दावेदारी ने बनाया हुआ है पूरा महौल ? मगर महिला दावेदारों की दावेदारी बिल्कुल भी नहीं हो रही है स्पष्ट ? कोई भी भगवा लेडी खुलकर नहीं कर रही है टिकट की बात ? फिर बाद में क्यूं उठाए जाती है महिला सशक्तिकरण की आवाज ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि बख्शी जी का दिल है बहुत ज्यादा सॉफ्ट ? वो चाहते नहीं है कि उनके ग्रुप पर मारे कोई लॉफ्ट ? सुना है जब भी वो ग्रुप पर बड़ता हुआ देखते हैं विवाद ? तब वो ग्रुप को ओनली एड्मिन मोड में कर देते हैं साहब ? सुना है उनकी इस कार्रवाई से हो जाते हैं कई चहरे परेशान ? वो कहते हैं ये अभिव्यक्ति की आजादी का मामला है श्रीमान ? सुना है शिप्रा वाले तोमर भाईया हो गए हैं इस बात से नाराज ? मार दिया है उन्होंने ग्रुप से लेफ्ट ? ऐसी हर जगा सुनाई दे रही है बात ?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।